

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण


त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-284 सीहोर, शनिवार 04 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## जहरीले कचरे के विरोध में दो ने किया आत्मदाह का प्रयास, अनशन पर बैठे विधायक, बिगड़े हालात

### >>> पुलिस ने किया लाठीचार्ज






इंदौर (ए.)। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्टर के कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त किच-किच चल रही है। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। पीथमपुर के हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई है। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। डोडियार का कहना है कि 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को यहां जलाने से लोगों को कैंसर होने का खतरा है। सरकार का रवैया ठीक नहीं है।

**कचरा आते ही उग्र हुआ प्रदर्शन**

बता दें कि भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं।

**इंदौर आने-जाने के सभी रस्ते बंद**

पीथमपुर में लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ से आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इंदौर जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद है। यहां लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। खाने का सामान भी नहीं है। यहां की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर परेशान हो रहे हैं।

**रहवासियों का साथ मिला**

बंद को रहवासियों का पूरा साथ मिला है। हर जगह बंद का असर नजर आ रहा है। कोई भी सड़कों पर कारोबार करता नजर नहीं आ रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा जलाना शुरू किया तो आंदोलन और भी भड़क जाएगा।

**इंदौर से गए कई संगठन**

इंदौर से कई संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के लोग पीथमपुर गए हैं। बड़ी संख्या में इंदौर में भी लोग इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मजदूर संघ, किसान संघ, रहवासी संघ और कई संस्थाएं पीथमपुर जाकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रही हैं।

**सीएम की अपील का नहीं दिखा असर**

कल सीएम मोहन यादव ने विरोध कर रहे लोगों को संतुष्ट करने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखा। भोपाल से इंदौर आए 337 टन विषैले कचरे को लेकर जारी विरोध के बीच इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हमें भी शहर की चिंता है। रातभर हमने सरकार को सोने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जहरीले कचरे से जनता भयग्रस्त न हो, शंका का समाधान जरूरी है। उन्होंने सभी से बात की लेकिन उनकी बात से भी आंदोलन पर खासा असर नहीं पड़ा। सुबह होते ही लाखों लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए निकल गए।

**मोबाइल नेटवर्क बंद, जैमर लगे**

पीथमपुर में भीड़ के गुस्से को देखते हुए पुलिस ने मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिया है। मोबाइल जैमर लगे वाहनों को भी कई जगह खड़ा किया गया है। अभी तक दो जगहों पर लाठी चार्ज हुआ है। एक जगह वॉटर केनन का भी प्रयोग हुआ है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बेंगलुरु में अपने दौरे के दौरान एचएएल हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## यह आप नहीं आपदा सरकार है यह बेईमानों से भरी है, इसे सत्ता से हटाना है :पीएम



नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। अशोक विहार में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आप सरकार को आपदा सरकार करार दिया और कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचार की कोई कमी नहीं है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह सरकार बेईमानों से भरी है, जो शराब घोटाले के आरोपी हैं और अपनी गलत हरकतों को लेकर बेशर्मी से पेश आते हैं। दिल्लीवासियों को इस आपदा सरकार को सत्ता से हटाना है। आज हर गली से आवाज आ रही है, आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

## बीपीएससी के अभ्यर्थियों के हक के लिए नहीं, खुद की राजनीति चमकाने में जुटे पप्पू, प्रशांत

लखनऊ(ए)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में हुई कथित धांधली के बाद दूसरी बार परीक्षा की मांग को लेकर अड़े छात्रों धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसका साथ देने के लिए जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी इस आंदोलन में शामिल हो गए हें। इसी बीच पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थक भी अभ्यर्थियों के साथ रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं।पटना में बीपीएससी री एग्जाम को लेकर छात्र संगठनों ने चक्का जाम कर दिया है। पप्पू यादव के समर्थक छात्रों ने पटना के सचिवालय हाल्ट पर ट्रेन रोकने का फैसला किया है। छात्रों का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों की अनदेखा कर रही है और इस आंदोलन के जरिए वे अपना विरोध जाहिर कर रहे हैं। छात्र संगठनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## मनमोहन के घर में अखंड पाठ और भोग कार्यक्रम, सोनिया और खड़गे हुए शामिल



नई दिल्ली (ए)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के 7 दिन बाद उनके घर पर अखंड पाठ और भोग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सोनिया और खड़गे ने मनमोहन के घर पहुंचकर सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी। फिर परिवार से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के अन्य बड़े नेता भी मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर की रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था।

## कचरा डिस्पोजल को लेकर चल रहा है भूमाफिया का खेल : जीतू पटवारी



भोपाल,(निप्र)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश और देश में जनता ने भाजपा पर भरोसा किया। पिछले एक महीने से भ्रष्टाचार का जो आलम है, इस तरीके से पूरे देश में मध्यप्रदेश का चेहरा काला हो रहा हैं, भ्रष्टाचार के कोड़ से मप्र ग्रसित हो गया है। हमने एक माह पहले से आग्रह किया कि युनियन काबाईड का कचरा है, इसके पीछे भूमाफिया का जो खेल है, कचरा डिस्पोजल को लेकर जो बाते सामने आयी हैं, उससे सरकार को बचना चाहिए था, लेकिन सरकार उससे नहीं बच सकी। आनन-फानन, रातों-रात कचरे को यहां से वहां डंप किया गया, रात्रि में दो बजे पता चला कि कचरा जायेगा, कचरा पहुंचाने की किसी को कानों कान खबर नहीं लगी, ऐसा क्यों?

श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश के काबिना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जो धार के प्रभारी मंत्री हैं वे कहते हैं हमें पता ही नहीं चला। इंदौर के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव जी हैं, क्या हालात बन गये हैं कि लोग मोहन यादव को जगाने के लिए खुद को आग के हवाले कर रहे हैं। इतनी निर्लज्ज और निकम्मी सरकार है ये कि लोग खुद को आग लगा रहे हैं। ये बहुत ही दुख का विषय है। जैसा मैंने कल इंदौर में सुमित्रा महाजन से मुलाकात कर आग्रह किया था कि जब तक इसका टेक्नीकल सत्यापन नहीं होता है, कचरे को रोकना चाहिए।

### रोहित शर्मा को बाहर करने के भारतीय टीम प्रबंधन के फैसले पर भड़के सिद्धू

नई दिल्ली(आरएनएस)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के निर्णायक पांचवें टेस्ट से कप्तान रोहित शर्मा को बाहर करने के भारतीय टीम प्रबंधन के फैसले की आलोचना की है।रोहित ने मैच के लिए आराम करने का विकल्प चुना और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सिडनी टेस्ट के लिए कप्तानी की। उन्होंने पहले पर्थ में शुरुआती टेस्ट में भारत को जीत दिलाई थी।सिद्धू का मानना है कि कप्तान को कभी भी बीच में नहीं हटाया जाना चाहिए और न ही उसे बाहर होने का विकल्प दिया जाना चाहिए - क्योंकि इससे गलत संकेत जाते हैं। मार्क टेलर और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे पिछले कप्तानों से तुलना करते हुए, जिन्हें खराब फॉर्म के बावजूद बरकरार रखा गया था, सिद्धू ने तर्क दिया कि रोहित भी इसी तरह के व्यवहार के हकदार थे। सिद्धू ने कहा,कप्तान को कभी भी बीच में नहीं हटाया जाना चाहिए और न ही बाहर होने का विकल्प दिया जाना चाहिए ... इससे गलत संकेत जाते हैं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 22 जनवरी तक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य करें पूरा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को गति देने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सुव्यवस्था स्थापित करने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला किस तरह अग्रणी हो, इसके लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में विभिन्न योजनाओं में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य 22 जनवरी तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में कलेक्टर की भूमिका विकास कार्यों और जनकल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती है। समाज के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला कलेक्टर की पहचान कार्य और जनकल्याण के कार्यक्रमों के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के आधार पर ही बनेगी। कुछ क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियों का आवश्यक प्रचार भी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से किया जाए। इससे अन्य जिलों में अधिकारियों और अन्य सभी को भी ऐसे कार्यों को करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कलेक्टर, देखें रैन बसेरों की व्यवस्थाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्दी में रैन बसेरों में रहने वाले व्यक्तियों की अच्छी देखभाल सुनिश्चित करें। समय-समय पर रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। इसके साथ ही कलेक्टर, थानों का आकस्मिक निरीक्षण भी करें। जिले की घटनाओं पर कलेक्टर की बारीक नजर होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों से संवाद और सम्पर्क में कमी नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवा के महत्वपूर्ण सेक्टर्स में जिलों में ऐसे आयोजन हों, जो जिले के महत्व को बढ़ाते हों।

**टी.बी. रोग नियंत्रण में गतिविधियां बढ़ाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निक्षय अभियान में देश के 347 जिले चिन्हित कर विशेष प्रयास कर क्षय रोग के नियंत्रण का अभियान प्रारंभ किया। यह अभियान आगामी 24 मार्च तक चलेगा। निक्षय अभियान में मध्यप्रदेश में 23 जिले चिन्हित किए गए हैं। प्रदेश में इस अभियान को गति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 5 जिले मंदसौर, नरसिंहपुर, मंडला, बैतूल और खंडवा इस अभियान के क्रियान्वयन में शीर्ष पर हैं। इसी तरह टी.बी. रोगियों को फूड-बॉस्केट के वितरण में जबलपुर, नरसिंहपुर, मंदसौर, अनूपपुर और मंडला सबसे आगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टी.बी. नियंत्रण के कार्य में कलेक्टर विभिन्न नवाचार भी कर सकते हैं। स्वास्थ्य संचालक ने जानकारी दी कि मंदसौर में एक्सरे मशीन की खरीदी, सीहोर में जनप्रतिनिधियों द्वारा एक-एक टी.बी. रोगी की देखभाल का प्रण लेने और उज्जैन एवं नीमच में टी.बी. रोगियों के पंजीयन और उपचार के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए गए हैं।




## तेज रफ़्तार ट्रेलर की चपेट में आने से छह कारें मीठी नदी में गिरी, कोई हताहत नहीं



मुंबई, (ए)। मुंबई के व्यस्त धारावी जंक्शन पर एक बड़े ट्रेलर ने छह गाड़ियों को टक्कर मारते हुए मीठी नदी में धकेल दिया। बताया गया है कि हादसा शुक्रवार सुनह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। गनीमत ये रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल इस इलाके में गाड़ियों को हटाने का काम जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंबई के धारावी इलाके के माहिम फ्लाईओवर इलाके में रहेजा अस्पताल के पास एक तेज रफ़्तार ट्रेलर ने नियंत्रण खो दिया जिससे ये भयानक हादसा हुआ। ट्रेलर ने शुरुआत में कुछ वाहनों को टक्कर मारी। इसके बाद रहेजा अस्पताल के इलाके में गाड़ियों को टक्कर मार दी। इससे मीठी नदी के किनारे पर खड़े वाहन खाड़ी में गिर गए। कुल छह कारें खाड़ी में गिरने की खबर है। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तथा खाड़ी में गिरी गाड़ियों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। इस मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक को हिरासत में लिया है।

## महाकाल मंदिर में रुपए लेकर अवैध तरीके से दर्शन कराने के आरोपी रितेश शर्मा कोर्ट में पेश

उज्जैन (आरएनएस)। महाकाल मंदिर में रुपए लेकर अवैध तरीके से दर्शन कराने के आरोपी रितेश शर्मा को रिमांड खत्म होने पर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इधर रितेश से हुई पूछताछ में पुलिस ने महाकाल मंदिर के दो कर्मचारियों सहित एक मीडिया कर्मी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया।

दर्शन के नाम पर अवैध वसूली के मामले में करीब 10 दिन से जांच चल रही है। अब मंदिर के कर्मचारी विनोद चौकसे और राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।


इससे पहले जिला प्रोटोकॉल देखने वाले अभिषेक भार्गव, मंदिर के सभा मंडप में दर्शन प्रभारी राजेंद्र सिसौदिया,आईटी प्रभारी राजकुमार सिंह, भस्म आरती निरीक्षक रितेश शर्मा और मंदिर में आउट सोर्स कम्पनी के दो कर्मचारियों ओम प्रकाश माली और जितेंद्र परमार के खिलाफ भी FIR दर्ज कर गिरफ्तार किया था।इनमें से रितेश को छोड़कर बाकी सभी को कोर्ट ने पहले ही जेल भेज दिया था। जबकि रितेश शर्मा दो दिन के पुलिस रिमांड पर था। उसे गुरुवार को पेश किया गया। रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट ने रितेश को जेल भेज दिया है।

### चंदन गुप्ता हत्याकांड

## एनआईए स्पेशल कोर्ट ने सभी 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई , तिरंगा यात्रा में मारी गई थी गोली



लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में कासगंज कांड के सभी आरोपियों को लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इस वारदात में आरोपियों ने तिरंगा यात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव और फायरिंग की थी. इस दौरान गोली लगने से चंदन गुप्ता नामक युवक की मौत हो गई थी. पुलिस ने इस मामले में 30 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था. हालांकि इनमें से दो आरोपी सबूतों के अभाव में बरी हो गए थे. जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है. गुरुवार को एनआईए स्पेशल कोर्ट ने चंदन गुप्ता हत्या मामले 28 आरोपियों को दोषी करार दिया दिया था, जबकि दो आरोपियों को बरी किया था।दरअसल, उत्तर प्रदेश के कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 जनवरी 2018 की सुबह जब यात्रा निकाली गई तो चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ था।जैसे ही यह तिरंगा यात्रा कासगंज के तहसील रोड पर स्थित जीजीआईसी गेट के पास पहुंची तो सलीम, वसीम, नसीम और अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया था। हालांकि, जब चंदन की ओर से जुलूस रोकने पर आपत्ति दर्ज कराई गई तो मौके पर हालात बिगड़ गए और आरोपियों के समूह ने उन पर पथराव कर दिया।यही नहीं, जुलूस के दौरान फायरिंग भी की गई। मुख्य आरोपियों में से एक सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चलाई गई थी, जिसके बाद वह घायल हो गया। घटना के बाद चंदन का भाई और अन्य साथी उसे कासगंज थाना लेकर गए थे, जहां से उसे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, मगर गोली लगने के कारण चंदन की मौत हो गई थी।







# प्रदेश में वन्य-जीव पर्यटन अभियान की शुरुआत 4 जनवरी से : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को करेंगे चंबल अभयारण्य का भ्रमण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन्य जीव पर्यटन की दिशा में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। शनिवार 4 जनवरी से वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति ने मध्यप्रदेश को कई वरदान दिए हैं। सघन वन, वृक्षों की विविधता के साथ ही वन्य-प्राणियों की भी विविधता मध्यप्रदेश में देखने को मिलती है। वनों और वन्य-प्राणियों से मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनी है। मध्यप्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। चीता पुनर्स्थापन करने वाला मध्यप्रदेश एक मात्र प्रदेश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। करीब चार दशक पहले घड़ियालों की गणना का कार्य शुरू हुआ, जिससे घड़ियालों के इतनी बड़ी संख्या में चंबल में होने की जानकारियां सामने आईं। जनवरी और फरवरी महीने में अनुकूल तापमान का अनुभव कर घड़ियाल पानी से बाहर निकलते हैं और उस वक्त घड़ियालों और मगरमच्छों की गिनती आसानी से हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है। पर्यटकों में यह चंबल बोट सफारी के नाम से प्रसिद्ध है। यह तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रयासों से एक प्रमुख संरक्षण परियोजना है। मध्यप्रदेश में वर्ष 1978 में इसे वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले छत कछुए और लुप्तप्राय गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभयारण्य लगभग साढ़े पांच वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। पहाड़ियों और रेतीले समुद्र तटों की तरह चंबल नदी के तटों से यह धरती भरी हुई है। यह वन्य-जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित है और इसका मुख्यालय मुरैना में है। घड़ियालों और गंगा डॉल्फिनों का निवास स्थान, पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। घड़ियाल, लाल मुकुट वाले कछुए और डॉल्फ़िन यहाँ पाए जाते हैं। अन्य जानवर जो (दुर्लभ) श्रेणी में हैं, उनमें मगरमच्छ, चिकने-लेपित ऊदबिलाव, धारीदार लकड़बग्घा और भारतीय भेड़िये हैं, जो संरक्षण सूची की अनुसूची-1 में शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंबल नदी में कछुआ परिवार की 26 दुर्लभ प्रजातियों में से 08 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इनमें भारतीय संकीर्ण सिर एवं नरम खोल वाला कछुआ, तीन धारीदार छत वाला कछुआ और मुकुटधारी नदी वाला कछुआ शामिल हैं, जो यहां की पहचान है।

**शीतकाल है घड़ियाल देखने का उपयुक्त समय**

चंबल में घड़ियाल अभयारण्य देखने के लिए यात्रा का सर्वोत्तम समय अक्टूबर से जून तक रहता है। शीतकाल में घड़ियाल देखने और यह क्षेत्र घूमने का सबसे अच्छा समय माना गया है।

## निगम के वार्ड कार्यालयों में भी बनेंगे आयुष्मान कार्ड




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम, भोपाल के वार्ड स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह संजीवनी क्लीनिक/स्वास्थ्य केन्द्रों के अतिरिक्त अपने नजदीकि वार्ड कार्यालय में वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर पात्रता अनुसार आयुष्मान कार्ड बनवाए। आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही संजीवनी क्लीनिक/स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराने हेतु अब नगर निगम, भोपाल के वार्ड स्तर पर भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदाय की जा रही है। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राही अपना आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अपने नजदीकी वार्ड कार्यालय में वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में विद्यार्थियों के साथ सेल्फी ली।

## समय पर पूर्ण करें चिकित्सकीय पदों पर भर्ती प्रकिया : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### 33 हज़ार से अधिक पदों पर की जा रही है भर्ती

भोपाल (ए.)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में ईएसबी एवं पीएससी के अंतर्गत प्रक्रियाधीन विभिन्न चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों में भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए मैन-पॉवर की समय पर नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन के विषय पर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर, सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए इसे शीघ्र कैबिनेट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीधी भर्ती एवं बैकलॉग पदों पर अब तक की गई कार्रवाई की पदवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सभी कैबिनेट स्वीकृत समस्त पदों पर भर्ती तय समय सीमा में पूरी की जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसे तत्काल संज्ञान में लाया जाए। सभी औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूरी हों। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



ने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। आईपीएचएस मानक अनुसार 18 हज़ार 653 पद पर, 454 उन्नयित स्वास्थ्य संस्थानों में 7 हज़ार 977 पद पर, कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल में 195 पदों पर, 18 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों के लिये 414 पद सहित 273 अन्य स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थानों में 5 हज़ार 779 चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस का अस्थायी निरस्तीकरण

भोपाल (निप्र)। जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत यार्ड में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते, भोपाल मण्डल के रानी कमलापति स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22705 तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस दिनांक 07 जनवरी 2025 को एवं गाड़ी संख्या 22706 जम्मूतवी-तिरुपति एक्सप्रेस दिनांक 10 जनवरी 2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा ह्ल्ङ्कश्वस/139 के माध्यम से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर तदनुसार यात्रा प्रारंभ करें।

## अद्वैत वेदान्त दर्शन के अध्ययन के लिए इस वर्ष 20 शिविर

भोपाल (ए.)। आचार्य शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन और शिक्षाओं से युवाओं को परिष्कृत और सुसंस्कृत बनाने के लिए आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास वर्ष-2025 में 20 अद्वैत जागरण युवा शिविर आयोजित करेगा। 10 आचार्यों की दिव्य सान्निध्य में देश-विदेश के 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभाशाली युवा अद्वैत वेदान्त अध्ययन कर सकेंगे। शिविर में शामिल होने के लिए इच्छुक युवा www.oneness.org.in पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। वर्ष-2025 का प्रथम शिविर 17 से 26 जनवरी तक आयोजित होगा। इसमें चिन्मय गार्डन, कोयम्बटूर, तमिलनाडु की स्वामिनी विमलानंद सरस्वती मनीषा पंचकम के माध्यम से युवाओं को अद्वैत से जोड़ेंगी। इसके बाद 1 से 10 फरवरी एवं 1 अगस्त से 10 अगस्त तक आर्ष विद्या गुरुकुलम्, कोयम्बटूर, तमिलनाडु में स्वामी परमात्मानंद सरस्वती तत्वबोध पर, 8 से 17 फरवरी तक श्री श्री ओंकारेश्वर आश्रम, मध्यप्रदेश में स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती तत्वबोध पर, 15 से 24 फरवरी एवं 22 जून से 1 जुलाई तक अद्वैत आश्रम, मायावती, उत्तराखंड में स्वामी शुद्धिदानंद विवेक चूड़ामणि पर, 01 से 10 अप्रैल तक चिन्मय तपोवन, सिद्धबाड़ी, हिमाचल प्रदेश में स्वामी मित्रानंद सरस्वती, साधना पंचकम् पर, 4 से 13 अप्रैल एवं 21 से 30 मई तक तपोवन कुटी, उत्तरकाशी, उत्तराखंड में स्वामी हरिब्रह्मद्रानंद तीर्थ तत्वबोध पर, 14 से 23 जुलाई तक चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन, केरल में स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती साधना पंचकम पर युवाओं को अद्वैत वेदान्त का अध्ययन कराएंगे।

## समझौता राशि जमा नहीं करने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर होगी कार्यवाही

भोपाल (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में सतर्कता एवं अन्य जाँच दलों द्वारा विद्युत चोरी एवं अनधिकृत विद्युत उपयोग करने के मामलों में दर्ज विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के समस्त ऐसे प्रकरणों जिनमें विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि मय समझौता राशि के जमा नहीं की जा रही है, उन प्रकरणों को विशेष न्यायालय में दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जाएगी। इससे संबंधित विशेष न्यायालयों में दर्ज करने पर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत संबंधित व्यक्ति / उपभोक्ता के विरूद्ध नियमानुसार न्यायालयीन कार्यवाही की जा सकेगी। कंपनी ने ऐसे सभी उपभोक्ताओं, जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के अंतर्गत अनधिकृत विद्युत उपयोग अथवा विद्युत चोरी के मामले दर्ज हैं।

## तीन नई ट्रेनें प्रारंभ, एक नया रोड ओवर ब्रिज राष्ट्र को समर्पित

### एनआईईएलआईटी को मिला विश्वविद्यालय का दर्जा, एमओयू पर हस्ताक्षर, और नया एफएम रेडियो केंद्र लॉन्च

भोपाल (ए. )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेल संपर्क सुधारने के विज़न के अनुरूप, आज गुवाहाटी से तीन नई ट्रेनों का शुभारंभ और टेटेलिया स्टेशन यार्ड पर निर्मित एक नया रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, और विदेश एवं वस्त्र राज्यमंत्री पबित्र मार्घेरिटा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अन्य सांसद, विधायक और पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव एवं अरुण कुमार चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

**एनआईईएलआईटी को मिला विश्वविद्यालय का दर्जा और एमओयू पर हस्ताक्षर**

कार्यक्रम के दौरान एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन



(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एनआईईएलआईटी, जिसे विशिष्ट श्रेणी के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ है, अब उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन, और अर्धचालक निर्माण में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करेगा।

**तीन नई ट्रेनों का शुभारंभ**

**आज प्रारंभ की गई ट्रेनों में निम्नलिखित शामिल हैं**

1.55818/55817 (गुवाहाटी – न्यू बोंगाईगांव – गुवाहाटी दैनिक पैसेंजर) 2. 15911/15912 (तिनसुकिया – नाहरलगुन – तिनसुकिया त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस) 3. 12047/12048 (गुवाहाटी – नॉर्थ लखीमपुर – गुवाहाटी द्वि-साप्ताहिक जन शताब्दी एक्सप्रेस) रेल मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि ये ट्रेन सेवाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी और असम व आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए यात्रा के अधिक विकल्प उपलब्ध कराएंगी।

**आकाशवाणी कोकराझार में एफएम रेडियो केंद्र का उद्घाटन**

आकाशवाणी कोकराझार में एक नया एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन भी किया गया। इससे धुबरी, बोंगाईगांव और चिरांग जिलों सहित क्षेत्र के 30 लाख से अधिक निवासियों को बेहतर गुणवत्ता वाले एफएम प्रसारण की सुविधा मिलेगी।

**रेलवे बजट में बढ़ोतरी**

अपने संबोधन में माननीय रेल मंत्री ने बताया कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वर्तमान वर्ष में बजट आवंटन 2009-14 की अवधि की तुलना में पांच गुना बढ़ाया गया है। यह पहल क्षेत्रीय विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 57वीं शल ाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी आज से जनजातीय संग्रहालय में भील समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री रीता भूरिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 जनवरी, 2025 से भील समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री रीता भूरिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 57वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 जनवरी, 2025 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी।युवा भीली चित्रकार रीता भूरिया का जन्म भोपाल (मध्यप्रदेश) में हुआ। आपके पिता श्री विजय भूरिया निजी क्षेत्र में नौकरी करते हैं एवं माता श्रीमती शांता भूरिया भी भीली चित्रकला में जाना-पहचाना नाम हैं। प्रख्यात भीली चित्रकार पद्मश्री भूरीबाई की नातिन होकर चित्रकला का हुनर आपको विरासत से हासिल हुआ है।

सुश्री रीता ने विज्ञान विषय में स्नातक तक की शिक्षा हासिल की है। उन्हें चित्रकला का शौक बचपन से ही रहा है। बैंगलोर, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरों में आयोजित कुछेक एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है। उनके चित्रों में जंगली पशु-पक्षी और प्रकृति विशेषतौर पर दृष्टव्य होते हैं। अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सुश्री रीता अपनी कला-गुरु अर्थात् अपनी नानी श्रीमती भूरीबाई को देती हैं, जिनकी सतत् प्रेरणा और मार्गदर्शन ने आपकी चित्रकला को सुघड़ बनाया।

# मध्य प्रदेश में अब 7.52 प्रतिशत तक महंगी हो सकती है बिजली



भोपाल,(आरएनएस)। बिजली कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7.52 प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग के समक्ष पेश किया है। प्रस्ताव मंजूर होने पर 150-300 यूनिट खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताआं पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। उन्हें प्रति बिल 168 रुपए देना होगा। स्लैब में बदलाव के तहत 300 यूनिट से अधिक खपत वाला स्लैब समाप्त करने का प्रस्ताव है। याचिका पर आपत्तियां 24 जनवरी तक मांगी गई हैं। ऑनलाइन जनसुनवाई 11 फरवरी को इंदौर, 13 फरवरी को जबलपुर और 14 फरवरी को भोपाल में होगी। टैरिफ आदेश 31 मार्च तक जारी होना अनिवार्य है। किस स्लैब में किनी बढ़ोतरी का प्रस्ताव - 50 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 4.27, प्रस्तावित दर 4.59 बढ़ोतरी 32 पैसे/यूनिट, 51 से 150 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 5.23, प्रस्तावित दर 5.62 बढ़ोतरी 39 पैसे/यूनिट, 150 से 300 यूनिट स्लैब, वर्तमान दर रुपये 6.61, प्रस्तावित दर 7.11 बढ़ोतरी 50 पैसे/यूनिट और 300 यूनिट से ज्यादा स्लैब, वर्तमान दर रुपये 6.80, प्रस्तावित दर 7.11 बढ़ोतरी 31 पैसे/यूनिट तय की गई है।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जहांगीराबाद क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि मुक्त कराई

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जहांगीराबाद शब्बन चौराहा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किए गए अतिक्रमण कर लगाई गई अस्थायी दुकानों/ठेलों आदि को हटाया और हाथ ठेले, तखत व अन्य सामग्री जप्त की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दल ने जोन क्र. 07 के अंतर्गत वार्ड क्र. 34 के शब्बन चौराहा जहांगीराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से शासकीय भूमि पर ठेले, तखत आदि लगाकर व्यवसाय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाया और शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए 04 ठेले, 02 तखत सहित अन्य प्रकार की सामग्री जप्त की।

## अद्वैत वेदान्त दर्शन के अध्ययन के लिए इस वर्ष 20 शिविर 18 से 40 वर्ष तक के युवा 10 आचार्यों के दिव्य सन्निधि में कर सकेंगे अध्ययन

भोपाल (निप्र)। इच्छुक युवा www.oneness.org.in पर जाकर करे पंजीयन आचार्य शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन और शिक्षाओं से युवाओं को परिष्कृत और सुसांकृतिक बनाने के लिए आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास इस वर्ष 20 अद्वैत जागरण युवा शिविर का आयोजन करेगा। 10 आचार्यों की दिव्य सन्निधि में देश-विदेश के 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभाशाली युवा अद्वैत वेदान्त अध्ययन कर सकेंगे। शिविर में शामिल होने के लिए इच्छुक युवा www.oneness.org.in पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं।इस वर्ष का प्रथम शिविर 17 से 26 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें चिन्मय गार्डन, कोयम्बटूर, तमिलनाडु की स्वामिनी विमलानंद सरस्वती मनीषा पंचकर्म के माध्यम से युवाओं को अद्वैत से जोड़ेंगी। इसके पश्चात 1 से 10 फरवरी एवं 1 अगस्त से 10 अगस्त तक आर्ष विद्या गुरुकुलम्, कोयम्बटूर, तमिलनाडु में स्वामी परमात्मानंद सरस्वती तत्वबोध पर, 8 से 17 फरवरी तक श्री श्री ओंकारेश्वर आश्रम, मध्यप्रदेश में स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती तत्वबोध पर, 15 से 24 फरवरी एवं 22 जून से 1 जुलाई तक अद्वैत आश्रम, मायावती, उत्तराखंड में स्वामी शुद्धिदानंद विवेक चूडामणी पर, 01 से 10 अप्रैल तक चिन्मय तपोवन, सिद्धबाड़ी, हिमाचल प्रदेश में स्वामी मित्रानंद सरस्वती, साधना पंचकम् पर, 4 से 13 अप्रैल एवं 21 से 30 मई तक तपोवन कुटी, उत्तरकाशी, उत्तराखंड में स्वामी हरिब्रह्मद्रानंद तीर्थ तत्वबोध पर, 14 से 23 जुलाई तक चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन, केरल में स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती साधना पंचकम् पर युवाओं को अद्वैत का वेदान्त का अध्ययन कराएंगे।

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया उद्घाटन

### जय अनुसंधान नारे से शोध को बढ़ावा मिला है : मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

भोपाल (निप्र)। जय जवान जय किसान जय विज्ञान से बढ़कर प्रधानमंत्री ने इसमें जय अनुसंधान जोड़ा है और इसने पूरे भारत में अनुसंधान को बढ़ावा देने का कार्य किया है। कोविड महामारी में भी हमारे अनुसंधान ने ही हमे बचाया है यह कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का वह - म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) एवं राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद् (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों हेतु 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन अवसर पर रविन्द्र भवन, भोपाल संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान विज्ञान परम्परा अद्वितीय रही है उन्होंने उदहारण देते हुए कहा कि तीन सौ वर्ष पूर्व तक भारत द्वारा बनाये गए काल गणना पर सारा विश्व चलता था । उन्होंने कहा कि फ्रांस ने भारत की काल गणना तकनीकी को अपनाया था । उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान ने बाद में सौर मंडल के बारे में बताया जबकि हमारी संस्कृति में ही सूर्य उर्जा को ज्योति प्रकाश के रूप में पूजा गया, नौ ग्रह के बारे में बताया गया और भूगोल का अध्ययन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शोध को बढ़ावा मिलेगा और शोध करने में नई पद्धतियाँ विकसित होगी। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाएगा बल्कि भारत को विज्ञान के क्षेत्र में और अधिक प्रगति की दिशा में मार्गदर्शन करेगा। माननीय मुख्यमंत्री ने देश और विदेश से आये विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह का वीडियों सन्देश भी प्रसारित किया गया। अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने की बात करते हैं। उनका मानना है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत को विश्व में अग्रणी बनाने के लिए हमें युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करना चाहिए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे विकास के कारण भारत अब विश्व स्तर पर एक प्रमुख वैज्ञानिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे खुशी हो रही है, और मैं चाहता हूं कि आप सभी अपने विचारों और प्रयासों के माध्यम से देश और दुनिया में एक नया बदलाव लाएं। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव डॉ अभय करंदीकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों ने ऊर्जा, क्लाइमेट चेंज, स्वास्थ्य, पोषण, तकनीकी आधारित शोध की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की इस कार्यक्रम की मुख्य थीम आम जन जीवन के सुधार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है । उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 700 विद्यार्थियों में से ज्यादातर गर्ल्स स्टूडेंट है। उन्होंने कहा कि इस समय देश में कई तकनीकी मिशन चल रहे है और इनका मुख्या उद्देश्य यही है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम में हम वैश्विक रूप से आगे बढ़े।

# ग्वालियर में पत्नी की हत्या, मुरैना में जलाई लाश और चंबल में बहाई अस्थियां, दीनू ने ऐसे खेला खूनी खेल

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर शहर का थाटीपुर इलाकाज्यहां रिश्तों का कत्ल करने वाले एक शख्स ने घर में ही पत्नी की हत्या करने के बाद ग्वालियर से तकरीबन 50 किलोमीटर दूर जाकर उसके शव को जला दिया। इतने से ही उसका मन नहीं भरा तो फिर उसकी अस्थियों को राजस्थान में ले जाकर चंबल नदी में फेंक दिया, ताकि किसी के हाथ कोई सबूत ना लगे।

आरोपी शातिर पति ने इतना ही नहीं उसकी लाश को ठिकाने लगाने के बाद खुद ही ग्वालियर के थाटीपुर थाना पहुंच गया और अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर दी ताकि उसके रिश्तेदारों और पत्नी के मायके वालों को उसके ऊपर किसी भी तरह का कोई शक ना हो।

हालांकि हत्या का यह पाप ज्यादा देर तक छुप ना सका। हत्यारे के रिश्तेदारों को उसके ऊपर कुछ शक हुआ। पुलिस को पता चल गया और हत्या का भेद खुल गया। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी पुलिस की पकड़ में है। पुलिस के द्वारा उस हत्यारे से हत्या के राज को उगलवाने के लिए फिर से चंबल नदी के उस स्पॉट पर पहुंची, जहां पर उसके द्वारा उसकी अस्थियों को फेंका गया था। पुलिस की एक टीम लगातार उस जगह की सर्चिंग कर अस्थियों की तलाश कर रही है।




***क्या था पूरा मामला***

दरअसल, ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू सुरेश नगर स्थित सरकारी मल्टी में रहने वाला दीनू टैगोर एक निजी कंपनी में कार्यरत है। उसकी शादी आज से कुछ समय पहले पुरानी छावनी निवासी चंचल जाटव से हुई थी। क्योंकि दीनू आदतन शराबी था तो आए दिन घर में झगड़ा होना एक आम बात थी।

लेकिन 31 दिसंबर की वह काली रात दीनू ने शराब पीने के बाद फिर से झगड़ा किया और झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने अपनी पत्नी चंचल की हत्या कर दी। इसके बाद अपने इस पाप को छुपाने के लिए उसकी खुराफाती दिमाग में एक प्लान आया और उसने एक षड्यंत्र रच डाला। उसके द्वारा कॉल करके बाकायदा एक एंबुलेंस को बुलाया गया। फिर उसने अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बनाते हुए रोते हुए उसी एंबुलेंस में अस्पताल को कहकर निकल गया, जबकि वह अपनी पत्नी की हत्या पहले ही कर चुका था।

अपनी पत्नी की बॉडी को एंबुलेंस में रखने के बाद वह सीधी अपने पैतृक गांव मुरैना की कैमराकला पहुंचा। यहां भी उसने अपने किसी भी रिश्तेदार को बताएं बगैर ही पत्नी की लाश को जला डाला, फिर उसकी अस्थियों और उसकी राख को चंबल में फेंक कर ग्वालियर वापस लौट आया और थाटीपुर थाना पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करा दी।

**कड़ाई से पूछताछ में उगला राज**

चंचल की मौत की खबर जब उसके मायके वालों को लगी तो सभी घबराते हुए ग्वालियर आए। जब उसके परिवार वालों के द्वारा दामाद दीनू से घटना के बारे में जानकारी चाही तब उसने अटपटे से जवाब दिए। इस बात पर उनको कुछ शक हुआ।

## हाथियों की टेरिटरी बन गया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र, पर्यटकों को भी लुभाने लगे हैं हाथी



उमरिया (ए.)। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र सिर्फ बाघ का घर नहीं है, बल्कि यह बड़े जंगली जानवर हाथियों का भी घर गया है। हाथियों के लिए अनुकूल वातावरण और परिस्थिति को पैदा करने वाला यह क्षेत्र हाथियों का गढ़ बन गया है। अभी तक टीवी और इंटरनेट के माध्यम से संभाग वासियों को जंगली हाथियों के दर्शन होते थे, लेकिन अब जंगली हाथी शहडोल संभाग के किसी भी जिले पर कभी भी नजर आ जाते हैं। ये हाथी पिछले कुछ ही सालों में सुर्खियां बटोर चुके हैं, जिसके बाद उन्होंने शहडोल संभाग में अपना एक अलग स्थान बना लिया है। उमरिया जिले का बांधवगढ़ उनका अब स्थाई पता बन चुका है। साथ में शहडोल और अनूपपुर जिले में कभी भी इनका मूवमेंट हो जाता है। अब इन हाथियों को लेकर बड़ा प्लान भी तैयार किया जा रहा है, जिससे ना तो हाथियों का कोई नुकसान हो और न ही हाथियों की वजह से आम जनजीवन परेशान हो।

इतना ही नहीं प्रकृति का अगर शानदार नजारा देखना हो तो मध्य प्रदेश के शहडोल संभाग से बेहतर जगह कोई नहीं हो सकती। संभाग के सभी जिलों में घनघोर जंगल शहडोल संभाग का उमरिया जिला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के लिए अपनी एक खास पहचान रखता है। ये बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बाघों की दहाड़ के लिए जाना जाता है, लेकिन अब हाथियों के लिए भी अपनी ये खास पहचान बना चुका है। पिछले कुछ ही सालों में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों ने अपना स्थाई पता बना लिया है। या यूं कहें कि पूरे मध्य प्रदेश में हाथियों की सबसे पसंदीदा जगह में से एक है बांधवगढ़। टाइगर रिज़र्व और इसके अलावा शहडोल और अनूपपुर जिले के भी कई क्षेत्रों में अक्सर हाथियों का मूवमेंट देखने को मिल जाता है। कभी भी कहीं से भी यहां हाथी विचरण करने पहुंच जाते हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो शहडोल संभाग अब हाथियों का गढ़ बन चुका है। इस संभाग की पहचान हाथियों की वजह से भी होने लगी है।

**हाथियों की डिजिटल मॉनिटरिंग**

जंगली हाथियों के हर एक मूवमेंट पर नजर रखने के लिए अब हाथियों को लेकर बड़ा प्लान तैयार किया जा रहा है, इसके तहत हाथियों के हर एक मूवमेंट की मॉनिटरिंग की तैयारी हो रही है और इसके लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ ने नोडल केंद्र चुना है। यहां जंगली हाथियों की मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल हाईटेक कंट्रोल रूम तैयार किया जा रहा है। इसके कुछ दिनों में तैयार हो जाने की उम्मीद है।

## कंदवा गांव हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार, पैसों के विवाद में कुल्हाड़ी मारकर की गई हत्या



टीकमगढ़ (ए.)। टीकमगढ़ मध्य प्रदेश। जिले के कंदवा गांव में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया है। मात्र तीन हजार के लेनदेन को लेकर व्यक्ति की हत्या की गई।

टीकमगढ़ जिले के जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि जतारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले कदवा गांव में 31 दिसंबर की रात्रि भगवानदास वंशकार उम्र 45 वर्ष की हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक की पुत्री की ओर से गांव के ही चार लोगों के खिलाफ पुलिस थाने में आवेदन दिया गया था, जिस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था।

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पैसों के लेनदेन पर गांव के ही रहने वाले किशोरी अहिरवार उसके लड़के पुष्पेंद्र, अरविंद एवं एक नाबालिग ने विवाद पर कुल्हाड़ी और डंडों से उसकी हत्या कर दी थी। मामले में जतारा पुलिस थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जतारा एसडीपी अभिषेक गौतम ने निरीक्षण किया था। घटना के बाद चारों आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

## तीन साल का बच्चा दो मंजिल मकान की छत से गिरा, ऊंचाई से गिरने के बाद भी सुरक्षित; मुंह पर 6 टांके आए



शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले के बदरवास में एक तीन साल का मासूम बच्चा दो मंजिल मकान की छत से नीचे गिर गया। घटना में मासूम को गंभीर चोटें आई है और उसे पहले बदरवास अस्पताल फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अच्छी बात यह रही कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद भी बच्चे के मुंह पर सिर्फ चोट आई हैं, और वह सुरक्षित है।

**पतंग उड़ा रहे बच्चों को देखकर सीढ़ियां चढ़ छत पर पहुंचा**

जिला अस्पताल में बच्चे का इलाज करा रही मां रेवती जाटव ने बताया कि दो मंजिल मकान की छत पर कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। उन्हें देखकर उसका तीन साल का बेटा संतू सीढ़ियां चढ़कर छत पर पहुंच गया। इसके बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और बच्चा नीचे जमीन पर आ गिरा।

## जेसीबी मशीन ने 'नाग' को कुचला, मृत नाग को घंटों निहारती रही नागिन; नजारा देख लोग हुए भावुक



शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र के छितरी गांव में में सफाई के दौरान काम में लगी एक जेसीबी मशीन की चपेट में आने से एक नाग की मौत हो गई। जबकि उसकी साथी नागिन बुरी तरह से घायल हो गई। जेसीबी की चपेट में आने से नाग की तो मौत हो गई, लेकिन घायल नागिन अपने नाग के पास ही बैठी रही। इसी बीच इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन घटनास्थल के आसपास एकत्रित हो गए।

**मृत नाग के शव के पास ही बैठी रही नागिन**

नाग-नागिन के साथ हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नरवर के रहने वाले सर्प मित्र सलमान पठान को दी। सलमान पठान तुरंत ग्राम छितरी पहुंचे और देखा कि यहां पर जेसीबी की चपेट में नाग-नागिन आ गए हैं। सर्पमित्र ने देखा कि नाग की मौत हो चुकी है, जबकि नागिन इस नाग के शव के पास ही बैठी है। बाद में सर्पमित्र ने इस नागिन को देखा कि उसके निचले हिस्से में चोट आई है।

**जोड़ा एक साथ रहता था**

मौके पर पहुंचे सलमान पठान ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद दृश्य ऐसा लगा है कि दोनों नाग नागिन का जोड़ा पिछले कई वर्षों से आपस में साथ रह रहा था। सर्पमित्र ने बताया कि सर्दी के मौसम में यह जमीन से निकलकर के बाहर आ जाते हैं। इसी दौरान खेत में काम करने वाली जेसीबी मशीन द्वारा सफाई के दौरान यह नाग नागिन का जोड़ा इस मशीन की चपेट में आ गया।

## परमिट न मिलने से थमे बसों के पहिये, लोकल ऑपरेटर परेशान; यात्रियों के लिये खड़ी हुई नई समस्या



उमरिया (ए.)। अस्थाई परमिट पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के सख्त फैसलों के बाद जिले में बसों के पहिये थम गये हैं। नई परिस्थितियों में जहां बस ऑपरेटर भारी परेशान हैं, वहीं यात्रियों के लिये भी बड़ी समस्या निर्मित हो गई है। बताया गया है कि बीते कई वर्षों से पूरे प्रदेश में चलने वाली अधिकांश बसें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी अस्थाई परमिट पर संचालित हो रही थी, परंतु इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा 4 अक्तूबर 24 एवं मप्र उच्च न्यायालय द्वारा 28 नवंबर 24 को कड़ी टिप्पणी करते हुए याचिकाएं खारिज कर दी गई। जिसके बाद सभी जिलों मे आरटीओ ने अस्थाई परमिट व्यवस्था रोक दी। नतीजतन नये साल के पहले दिन से उमरिया तथा विभिन्न शहरों, क्षेत्रों और अन्य जिलों के बीच संचालित बस सेवाएं ठप हो गई है।

**उप आयुक्त न होने से बढ़ी दिक्कत**

जानकारों का मानना है कि न्यायालय के आदेश की वजह से मामला ज्यादा पेचीदा हो गया है। हालांकि बस ऑपरेटर स्थाई परमिट लेकर बसें चला सकते हैं। जोकि संभागीय मुख्यालय में पदस्थ डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर द्वारा की जाती है, परंतु विगत दो वर्षों से यह पद खाली पड़ा है। बिना अधिकारी आये स्थानीय परमिट मिलना भी संभव नहीं है। ऑपरेटरों ने बताया कि जब तक परमिट नहीं मिलती, बसें चलाना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें स्टाफ के वेतन तथा अन्य खर्च का भुगतान जेब से करना होगा। कुल मिलाकर पहले से ही टूट चुके बस व्यवसाय के लिये चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

**अब ट्रक-टैक्सियों का सहारा**

बसें बंद होने का असर जिलेभर की यात्री सेवाओं पर पड़ा है। लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। कल गुरूवार को भी बसें नहीं चलीं। जिस कारण जिला मुख्यालय के लगभग हर बायपास और चौराहे पर यात्रियों की भीड़ दिखाई दी। परेशान लोग ट्रकों और टेक्सियों में जाने की जद्दोजहद में जुटे रहे। ऐसे मे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। गौरतलब है कि ट्रेनों के सीमित विकल्प के कारण जिले की बड़ी आबादी बसों पर आश्रित है। केवल सफर ही नहीं लोग खरीददारी और दूध, फल, सब्जी, अनाज आदि बेचने के लिये बसों में अपना सामान लेकर एक स्थान से दूसरी जगह आते-जाते हैं। इसके अलावा नौकरीपेशा नागरिक तथा स्कूली छात्र भी इसी साधन का इस्तेमाल करते हैं।

## महिला मजिस्ट्रेट की कार ने बाइक को मारी ठोकर, तीन लोगों की मौत; जांच में जुटी पुलिस

शहडोल (ए.)। शहडोल में महिला मजिस्ट्रेट की कार ने बाइक को ठोकर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के उफरी गांव में बीती रात्रि हुई है। बताया जा रहा है कि महिला मजिस्ट्रेट की कार ने बाइक को ठोकर मार दी। बाइक में सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई तो चालक इस घटना में गंभीर थी। जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**बाइक में तीन लोग सवार थे**

जानकारी के अनुसार रामकरण 55 वर्ष, ईश्वरदीन 62 एवं संतोष सिंह सभी निवासी बड़ी गिरुई बाइक में सवार होकर घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक की घटनास्थल पर मौत हो गई, वहीं दूसरे को अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषत कर दिया।

संतोष सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती किया गया था, लेकिन उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सड़क हादसे की सूचना तत्काल 108 एम्बुलेंस को दी गई थी, लेकिन एम्बुलेंस



समय पर नहीं पहुंची।

इधर, घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचवाया। थाना प्रभारी अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि सड़क हादसे में मृत रामकरण एवं ईश्वरदीन पिता दुलारे सगे भाई थे, जो बाइक चालक संतोष सिंह के साथ घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि उसमें कोई महिला मजिस्ट्रेट सवार थी, पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## व्यापार समाचार

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में आई 4.112 अरब डॉलर की कमी, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली (ए.)। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। 27 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 4.112 अरब डॉलर की कमी आई और यह 640.279 अरब डॉलर पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.478 अरब डॉलर घटकर 644.391 अरब डॉलर गयो गया था। पिछले कुछ हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट दिखी है।

जानकारों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रुपये में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए उठाए गए कदमों से फॉरेक्स रिजर्व पर दबाव बढ़ा है। सितंबर महीने के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर



704.885 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान फॉरेक्स रिजर्व के अहम घटक विदेशी मुद्रा अस्तियों (स्न्रष्ट) में 4.641 अरब डॉलर की कमी आई और इसका भंडार कम होकर 551.921 अरब डॉलर पर पहुंच गया। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा अस्तियों के तहत अन्य विदेशी मुद्राओं, जैसे यूरो, पाउंड और येन की कीमतों में डॉलर की तुलना में उतार-चढ़ाव की गणना की जाती है।

आरबीआई के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 54.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 66.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) उक्त हफ्ते के दौरान 1.2 करोड़ डॉलर कम होकर 17.873 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 27 दिसंबर समाप्त हुए हफ्ते के दौरान अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की रिजर्व स्थिति 4.217 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

## शेयर बाजार में फिर बिकवाली हावी; सेंसेक्स 720 अंक गिरा, निफ्टी 24050 से नीचे आया



नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन और 2025 में पहले दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 (0.90त्न) अंकों की गिरावट के साथ 79,223.11 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 183.91 (0.76त्न) अंक टूटकर 24,004.75 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान, जोमैटौ के शेयर चार प्रतिशत जबकि अदाणी पोर्ट के शेयर दो प्रतिशत तक गिर गए। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

**बैंकिंग और आईटी शेयरों पर दिखा दबाव**

शेयर बाजार में कंपनियों के तिमाही परिणामों (जो अगले हफ्ते से आने शुरू होंगे) से पहले बैंकिंग और आईटी शेयरों पर दबाव दिखा। इससे बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लगभग एक-एक प्रतिशत तक फिसल गए। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भी बाजार में बिकवाली को बढ़ावा मिला।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत टूटकर 79,223.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 833.98 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 79,109.73 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 183.90 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 अंक पर आ गया।

**जोमैटो, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक और आईटीसी प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ में रहीं। एशियाई बाजारों में सियोल और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि शंघाई में गिरावट दर्ज की गई। जापानी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार भी लाल निशान पर बंद हुए।

**रुपया 3 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर**

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कई दिनों से बिकवाली कर रहे थे, लेकिन गुरुवार को उन्होंने खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 1,506.75 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत घटकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

पिछले सत्र में बीएसई का सूचकांक 1,436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत उछलकर 79,943.71 अंक पर बंद हुआ था, जो एक महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त थी। बीते सत्र में निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत मजबूत होकर 24,188.65 अंक पर बंद हुआ था।

# सोने का भाव 77,900 रुपए, चांदी 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम



नई दिल्ली (ए.)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सोने-चांदी की कीमत में तेजी जारी है। 1 जनवरी से दोनों के वायदा भाव में तेजी जारी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 0.13 फीसदी बढ़त के साथ 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारि गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 330 रुपए बढ़कर 79,720 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

बुधवार को सोना 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी भी 130 रु पए बढ़कर 90,630 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद से 330 रुपए बढ़कर 79,170 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी से सर्राफा कीमतों को समर्थन मिला।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे

*रोहित शर्मा और खुद उनके बयानों से स्पष्ट है कि रविचंद्रन अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। संभवत: संकेत यह था कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है।कोई बड़ा खिलाड़ी किसी बड़ी टेस्ट श्रृंखला के बीच तुरंत रिटायर होने का एलान करे, तो उसे अवकाश लेने की सामान्य प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। बड़े खिलाडि़यों की विदाई अक्सर नियोजित ढंग से और स-सम्मान होती है। इसलिए रविचंद्रन अश्विन ने जिस तरह भारत- ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज के बीच तुरंत रिटायरमेंट का एलान किया, लाजिमी है कि उस पर कयास लगाए जाएंगे। इसे संकेत माना जाएगा कि भारतीय क्रिकेट के प्रशासन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे हैं। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है।भारत के पूरे क्रिकेट इतिहास में अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट विकेट लेने के लिहाज से वे दूसरे नंबर पर (537) हैं। अपने छह टेस्ट शतकों के साथ दुनिया के टॉप स्पिनरों में बतौर बल्लेबाज वे पहले नंबर पर हैं। 13 साल तक चले टेस्ट करियर के दौरान 106 मैचों में उन्होंने 37 बार एक पारी में पांच और आठ बार मैच में दस विकेट उन्होंने लिए। भारत की अनुकूल पिचों पर उन्हें खेलना किसी विदेशी टीम के लिए बड़ी चुनौती बना रहा। अब कप्तान रोहित शर्मा और खुद अश्विन के बयानों से स्पष्ट है कि 38 वर्षीय अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। इस सीरिज में अब तक हुए तीन मैचों में उन्हें सिर्फ एक में खेलाया गया। संभवत- संकेत यह था कि अगले दो मैचों में भी उनकी जगह पक्की नहीं है। ऐसे में यह मानने के बावजूद कि उनमें अभी धार बाकी है, उन्होंने तुरंत अवकाश लेने का एलान कर दिया। बड़े खिलाडि़यों को उनके नाम के आधार ढोया जाए, यह किसी का तर्क नहीं हो सकता। लेकिन खिलाडि़यों को गाइड करने और उन्हें सीधे उचित सलाह देने का सिस्टम जरूर मौजूद होना चाहिए। इसके लिए स्वस्थ संवाद की जरूरत है। लेकिन हालिया संकेत यही हैं कि भारतीय क्रिकेट संचालन में सीधा संवाद गायब है। विराट कोहली को जिस तरह कप्तानी से हटाया गया और उसके बाद से टीम का जैसा डगमग हाल है, उसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी शायद इसी पहलू की है।*

# सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2024 में लिखा नया अध्याय

**-पंकज मित्तल**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों के फलस्वरुप वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में नया अध्याय लिखा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के नदी जोड़ो के सपने को साकार करते हुए प्रदेश में देश की दो बड़ी अति महत्वाकांक्षी एवं बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनों का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 17 दिसंबर को जयपुर में पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केन्द्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे पहली और बड़ी सिंचाई परियोजना है।

मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसे सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की रहती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के नेतृत्व में प्रदेश के जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से मध्य-प्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। किसान पहले दो फसल ले पाते थे, अब तीसरी फसल भी लेने लगे हैं। साथ ही कृषि उत्पादन में भी वृध्दि हुई है। प्रदेश की धरती सुजलाम सुफलाम हो रही है।

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना



है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी

पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की होगी। इस परियोजना से प्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाईं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के 1205 ग्रामों में 03 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दोनो़ राज्यों के किसानों और नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और विकास के नये द्वार खुलेंगे। परियोजना से दोनों राज्यों में समृद्धि आयेगी। परियोजना से मिलने वाले जल से किसान अपनी उपज को दोगुना कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार के साथ प्रदेश भी समृद्ध होगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रूपये व्यय करेगा। केन्द्र की इस योजना में कुल लागत का 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश रहेगा। परियोजना की कुल जल भराव क्षमता 1908.83 घन मीटर होगी। साथ ही 172 मिलियन घन मीटर जल, पेयजल और उद्योगों के लिये आरक्षित रहेगा। परियोजना अंतर्गत 21 बांध/बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दोनो़ राज्यों के किसानों और नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और विकास के नये द्वार खुलेंगे। परियोजना से दोनों राज्यों में समृद्धि आयेगी। परियोजना से मिलने वाले जल से किसान अपनी उपज को दोगुना कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार के साथ प्रदेश भी समृद्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रूपये व्यय करेगा। केन्द्र की इस योजना में कुल लागत का 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश रहेगा। परियोजना की कुल जल भराव क्षमता 1908.83 घन मीटर होगी। साथ ही 172 मिलियन घन मीटर जल, पेयजल और उद्योगों के लिये आरक्षित रहेगा। परियोजना अंतर्गत 21 बांध/बैराज निर्मित किये जाएंगे।प्रदेश में पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजना निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में 1320 करोड रुपए की लागत वाली चितरंगी दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। इस परियोजना से सिंगरौली जिले में 32125 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा।



*विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक के दौरान.*

# अब सम्मान नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य

**श्रुति व्यास**

अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में झूठ बोलकर ही अपना नैरेटिव, सहानुभूति और जनसमर्थन चाहिए। हम बहुत भद्दे, गंदे समय में जी रहे हैं। एक बुरी तरह बंटे और कटे हुए समाज में जी रहे हैं। हर आदमी सही है और हर आदमी गलत है। जो हर एक मुद्दे पर हमसे सहमत नहीं हैं वो हमारे लिए बुरा बन जाता है। राजनीति ने हालात और खऱाब किए हैं। लोगों को बांट दिया है, धुव्रीकृत कर दिया है। नेता अब विचारधारा के आधार पर नहीं चुने जाते है। हम किसी पार्टी को इसलिए वोट नहीं देते है क्योंकि हमें उस पर भरोसा है। बल्कि हम उसे इसलिए वोट देते हैं क्योंकि हम उसकी विरोधी पार्टी से डरते हैं या नफरत करते हैं। हम किसी को पसंद नहीं करते, हम उसके प्रतिद्वंदी को नापसंद करते है। तभी बंटे हुए समाज में, इस ध्रुवीकरण से लोकलुभावन बातें बेइंतहा बढ़ गई है। सारी दुनिया में मुख्यधारा के अधिकांश राजनेता अब वोट हासिल करने और लोगों को भावनात्मक रूप से अपने से जोडने के लिए एक ही राग अपनाएं हुए है कि वे आम आदमी के पक्षधर हैं और कुलीनों, बड़े लोगों के विरोधी हैं। लोक लुभावन बातें सिर्फ दलगत राजनीति तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक संवादों में लोकलुभावनवाद का प्रयोग मुख्यत: सत्ता-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है, इस नजरिए को पेश करने के लिए किया जाता है कि कुलीन भ्रष्ट हैं। यह धारणा इस हद तक बढ़ चुकी है कि कुलीन वर्ग ' - जिसमें पढे-लिखे, अध्येता और पत्रकार भी शामिल हैं - ने इसे स्वीकार लिया है। नियति मान लिया है कि अब ऐसे ही चलेगा। यह हमारी रोजमर्रा की चर्चाओं में शामिल हो चुका है। यह सब मान चुके हैं कि कुलीन, बौद्धिक वर्ग भ्रष्ट है और आम लोगों के कॉमनसेंस, सहज समझदारी की चिंता नहीं करता। पिछले तीन-चार दिनों में - पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहावसान के बाद से - यह विभाजन साफ तौर पर दिखलाया दिया है। सोशल मीडिया विरोध और नफरत से भरा हुआ है। सब एक दूसरे की हर मुद्दे पर खिलाफत कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा दोनों शामिल हैं। पुराने, एक सेकंड लम्बे वीडियो खोद निकाल पोस्ट किए जा रहे हैं ताकि गुस्सा भड़के। पार्टियों के ट्रोल योद्धा जोरशोर से ऐसी चीजे़ं पोस्ट कर रहे हैं जिससे नफरत और बढ़ रही है। विरोधी भावनाएं' उफान पर हैं। विरासतों को कलंकित किया रहा है। प्राण त्याग चुके व्यक्ति की आत्मा को बार-बार यातना दी जा रही है - एक के बाद एक ट्वीट करके, मौके पर चौका मारने के लिए और इतिहास पर पर्दा डाला जा रहा है। मैं यह नहीं समझ पा रही हूँ भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव - विशेषकर देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की मृत्यु से जुड़े हुए नैरेटिव - से भला किस तरह उसे आगे राजनैतिक, चुनावी लाभ हासिल होगा या पार्टी की इमेज चमकाई जा सकती है? लेकिन जब सत्ता पाना, उसके इस्तेमाल करने, से अधिक महत्वपूर्ण होता है तब कुछ भी सही या गलत नहीं रह जाता। आज की राजनीति इस हद तक नफरत भरी हो गई है कि झूठ बोलने में लोगों को मज़ा आता है। राजनीतिज्ञ अपने विरोधियों को दानव साबित करने में जुटे हुए हैं, फिर चाहे वे इस दुनिया में हों या न हों। वे दूसरे पक्ष को भ्रष्ट, अतिवादी और बेईमान साबित करने के लिए बिना किसी झिझक के झूठ का सहारा ले रहे हैं। आखिरकार सच्चाई का सामना करने के लिए दमदार लीडरशीप की जरूरत होती है और राजनीति करने से आपको सदैव सबका सम्मान हासिल नहीं होता। डॉ. मनमोहन सिंह को हमेशा कड़वी अपमानजनक बातें सुननी पड़ीं लेकिन वे चुप्पी साधे रखने के अपने संकल्प से नहीं डिगे। उन्हें उनके कामों के लिए याद रखा जाएगा, उनका काम बोलेगा, यही उनका नजरिया रहा। और जो सहज बुद्धि' के पक्षधर हैं, वे सदैव उन्हें इसके लिए ही याद रखेंगे। शायद यही वजह है कि लुटियन्स दिल्ली के बहुत से बड़े क्लबों ने नए साल के जश्न के कार्यक्रम एक ऐसे नेता के सम्मान में रद्द कर दिए हैं जिन्हें भारत की अर्थव्यवस्था को आज़ादी दिलाने वाले सेनानी के नाते याद किया जाता है। लेकिन दौर बहुत घिनौना है। अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में हालात यह हैं कि झूठ बोलकर ही सहानुभूति, करूणा और जनसमर्थन हासिल करने का जुनून किया है; इतिहास और समाज को बदलने की कोशिश है। क्योंकि अब सम्मान हासिल करना नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य है।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आपके आय के नए रास्ते बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान रहेगा। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कुछ निजी मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो आगे चलकर आपके काम आयेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे और एक-दूसरे को अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज किसी करीबी से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। सेहत के लिए मॉर्निंग वाक आपके लिए फायदेमंद होगा इससे आपको ताजगी महसूस होगी। परिवार वालों के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे, सभी लोग काफी खुश नजर आएंगे। आप अपने रुके हुए काम को भी पूरा करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए बड़े भाई से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में सपरिवार सम्मिलित होंगे। आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।सआज काम में सफलता मिलेगी।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आज रुके हुए धन का आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी योजना सफल होगी। आपको पैसे की जरूरत होगी, वह आपको किसी करीबी से मिल जाएगा। आज की शाम दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जायेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी अपने जीवन में न होने दें। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज घर के कामों को करने के बाद महिलाएं फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लंबे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए बदलाव भी कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी। आज रिश्तेदारों के आगमन से घर का माहौल खुशनुमा बन जाएगा। घर में बदलाव संबंधी कुछ काम सुचारु रूप से होंगे, फर्नीचर आदि खरीदने का विचार बनायेंगे। मीडिया और ऑनलाइन माध्यम से आपको बिजनेस से संबंधित जानकारी मिलती रहेगी।

# वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

***निश्चित रूप से देश के छोटे-बड़े सभी करदाता वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा कर रहे हैं। यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन नये वर्ष में अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। पिछली 21 दिसम्बर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण और राहत संबंधी कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए कहा गया है कि ऋण शतरें का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर-मुक्त किया गया है। इस्तेमालशुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर 18 फीसद कर दी गई है।***

उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त, 2024 में आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वी. के. गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ा कर इसे विस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है।

समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम, 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रेत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रेत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने, सीमा शुल्क कानून की तरह ही यह समिति दरों की व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नये आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है, और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली है, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढ़ कर 10.45 लाख करोड़ रु पये का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही, मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में भी सुधार हुआ है। ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रु पये पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसद वृद्धि दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवम्बर, 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसद बढ़ कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुत: कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी।

ऐसे में उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके। इसी प्रकार जीएसटी की जटिलताएं कम करके इसे अधिक सरल और कारगर बनाना होगा। नई टेक्नोलॉजी के उपयोग से जीएसटी अनुपालन जितना अधिक कारगर होगा, उतना ही अधिक जीएसटी संग्रह बढ़ाया जा सकेगा।

इसके अलावा, जीएसटी चोरी के खिलाफ सरकार द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जाना होगा क्योंकि कई कारोबारी फर्जी बिल के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावी बदलाव किए जाने होंगे। जीएसटी दरों को कम करने के साथ जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाना होगा। समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीदारी पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। क्विक कॉमर्स कंपनियों पर जीएसटी को लेकर निर्णय लिया जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और जमीन एवं रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। नि:संदेह ऐसे प्रयासों से सरकार को आयकर और जीएसटी की अधिक प्राप्ति हो सकेगी। देश की जीडीपी में कर राजस्व का योगदान बढ़ेगा और सरकार विकसित भारत के लिए अधिक रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।









# ट्रायल रन के दौरान तूफान की तरह दौड़ी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, 180kmp के स्पीड को किया पार



नई दिल्ली (ए.)। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हाल के परीक्षणों के दौरान सफलतापूर्वक 180 किमी प्रति घंटे की गति तक पहुंच गई है, जो भारतीय रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के प्रदर्शन को प्रदर्शित करने वाला एक वीडियो साझा किया, जिसमें इसकी सुगम सवारी और उन्नत सुविधाएँ शामिल हैं। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा आयोजित परीक्षण जनवरी के अंत तक जारी रहने की उम्मीद है, जिसके बाद ट्रेन को यात्री सेवाओं के लिए तैयार किया जाएगा।

वंदे भारत ट्रेन का स्लीपर संस्करण राजस्थान में कोटा और लाबान के बीच परीक्षण के दौरान 180 किमी प्रति घंटे की अपनी चरम गति तक पहुंच गया। रोहाल खुर्द-कोटा और कोटा-नागदा मार्ग पर पिछले परीक्षणों में समान गति दर्ज की गई थी। इन परीक्षणों ने पूर्ण यात्री भार और सामान ले जाने के दौरान उच्च गति बनाए रखने की ट्रेन की क्षमता का प्रदर्शन किया। रेल मंत्री द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक सपाट सतह पर एक मोबाइल फोन के पास रखा पानी का लगभग पूरा गिलास कैद हुआ है। ट्रेन की लगातार 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति बनाए रखने के बावजूद, जल स्तर स्थिर बना हुआ है, जो हाई-स्पीड रेल यात्रा में सवारी की सुगमता को उजागर करता है। भारतीय रेलवे ने पुष्टि की कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त अब ट्रेन के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे। आधिकारिक प्रमाणीकरण प्राप्त होने के बाद ही स्लीपर ट्रेन को अधिकतम 160 किमी प्रति घंटे की गति से नियमित यात्री परिचालन के लिए मंजूरी दी जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रात भर की यात्रा के लिए डिज़ाइन की गई कई नई सुविधाएँ पेश करती है। पुन: डिज़ाइन किए गए बर्थ, उपयोगकर्ता के अनुकूल सीढ़ियाँ, और प्रतिबंधित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुविधाएँ। एक बार चालू होने के बाद, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें दिल्ली और मुंबई, हावड़ा और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेंगी और यहां तक कि कश्मीर से कन्याकुमारी जैसे मार्गों तक विस्तारित होंगी। बढ़ी हुई गति और दक्षता से यात्रा के समय में काफी कमी आने की उम्मीद है।



बारामूला में एक सर्द सुबह में बर्फ से ढके हुए इलाके में एक ट्रेन ट्रैक पर दौड़ती हुई।

## घर छोड़कर भागने वाले प्रेमियों के लिए हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, जारी की गाइडलाइंस

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हर दिन करीब 90 से अधिक याचिकाएं ऐसी आ रही है, जिसमें घर छोड़कर भागने वाले प्रेमी जोड़े सुरक्षा की मांग करते हैं। जिसकों देखते हुए अब उच्च न्यायालय ने 12 गाइडलाइंस जारी की है। बेंच ने कहा कि ऐसा करने से हमारे हर दिन करीब 4 घंटे बच जाएंगे, जो इस तरह की याचिकाओं की सुनवाई में बर्बाद होते हैं। जस्टिस संदीप मुद्गिल की बेंच ने कहा कि यह पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह कपल को शेल्टर और जरूरी सुरक्षा प्रदान करे। अदालत ने कहा कि पुलिस को ऐसे मामलों में तत्काल प्रभाव से ऐक्शन लेना चाहिए। अदालत तो आखिरी विकल्प है, जहां तभी पहुंचना चाहिए, जब कहीं कोई सुनवाई न हो रही हो। जस्टिस मुद्गिल ने कहा कि संवैधानिक अदालतों का तो काम ही है कि वे नागरिकों सुरक्षा प्रदान करें। वे जब भी खतरे में हों तो उनकी सुरक्षा के लिए मौजूद रहें। लेकिन हर दिन ऐसे मामले बड़ी संख्या में अदालत पहुंचे तो वह भी सही नहीं है। इसमें भी अदालत का 4 घंटे का वक्त डेली बर्बाद होता है। इसलिए हम एक मेकेनिज्म तैयार करते हैं, जिसके आधार पर पुलिस ऐक्शन ले सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे मामलों में पहला ऐक्शन पुलिस और प्रशासन की तरफ से होना चाहिए। यह तभी हो, जब उन्हें किसी की ओर से खतरे की सूचना प्राप्त हो। लेकिन ऐसे मामले यदि अदालत में आते हैं तो वक्त की बर्बादी होती है। पहले ही अदालत पर तमाम केसों का बोझ है। ऐसे में एक मेकेनिज्म के तहत काम होना चाहिए।' बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों के निपटारे के लिए हर जिला मुख्यालय में एक नोडल अधिकारी की तैनाती होनी चाहिए। यह अधिकारी एएसआई से नीचे की रैंक का नहीं होना चाहिए। यह आदेश हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के लिए लागू होता है। बेंच ने कहा कि यदि नियमों का पालन कर लिया जाए तो फिर अदालत का हर दिन 4 घंटे का समय बचेगा। बेंच ने कहा कि हमारे पास इस समय में पुराने केसों को निपटाने की सुविधा रहेगी, जो लंबे समय से अटके हैं।

## हिमाचल में पारा माइनस 14 डिग्री तक पहुंचा, कोहरे के कारण एयरपोर्ट बंद; ट्रेनें भी लेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का असर लगातार बना हुआ है। हिमाचल में बर्फबारी के बाद से प्रदेश के 5 क्षेत्रों का पारा माइनस में पहुंच गया है। हिमाचल के ताबो का न्यूनतम तापमान -14.7 डिग्री, समदो का -9.3 डिग्री, कुकुमसैरी -6.9 डिग्री, कल्पा का -2 और मनाली का 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। सर्दी के अलावा देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। अमृतसर में जीरो विजिबिलिटी के कारण एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यहां फ्लाइट्स के ऑपरेशन रुक गए हैं। इसके अलावा दिल्ली एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। इससे स्पाइसजेट, इंडिगो और एअर इंडिया की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। उत्तर प्रदेश में भी 30 शहरों में घना कोहरा देखने को मिला। आगरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें 7 घंटे तक लेट रहीं। बुलंदशहर में विजिबिलिटी 5 मीटर तक रह गई। वहीं, मध्य प्रदेश में कोहरे के कारण कई जगहों पर 100 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा था। तेज सर्दी और कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। पटना में स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला और अनंतनाग के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बर्फबारी हुई।

## दिल्ली सरकार की 'शिक्षा क्रांति' ने व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया : आतिशी

नई दिल्ली (ए)। तीन जनवरी दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई 'शिक्षा क्रांति' ने शिक्षा व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया है और अब बच्चों के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। झिलमिल कॉलोनी में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए आतिशी ने कहा कि नए भवन का महत्व तब नजर आता है जब वहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती है। जिस ब्लाक का उद्घाटन किया गया है उसमें 25 कक्षाएं और छह उन्नत प्रयोगशालाओं समेत 45 कमरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं का उद्देश्य छात्रों को जीव विज्ञान जैसे विषयों का गहन अध्ययन करने तथा चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने में सक्षम बनाना है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, ''इस भवन का महत्व तब स्पष्ट होता है जब आप यहां पढ़ने



वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते हैं। जैसे ही हम स्कूल में दाखिल हुए, हमने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शनी लगाते देखा और उनका उत्साह दर्शाता है कि यह नया ब्लॉक उनके लिए कितना सार्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी बरसात के मौसम में स्कूलों में नहीं जा पाते थे, क्योंकि कक्षाएं और खेल मैदान जलमग्न हो जाते थे तथा प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और खेल मैदान जैसी सुविधाएं उनके लिए केवल ''सपना'' ही थीं।

## 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से तीन जवान घायल

रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़का गांव के करीब प्रेशर बम में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आज डीआरजी के दल को माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब अभियान से वापस हो रहा था तब तोड़का गांव के करीब माओवादियों द्वारा लगाए गए 'प्रेशर बम' में विस्फोट हो गया। इस घटना में तीन जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद जवानों को वहां से बाहर निकाला गया तथा स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया।

## बीपीएससी कैंडिडेट्स के समर्थन में उतरे पप्पू यादव, समर्थकों ने रोकी ट्रेन; प्रशांत किशोर भी आमरण अनशन पर डटे

पटना (आरएनएस)। बिहार में बीपीएससी परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बापू परीक्षा केंद्र पर 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद बापू परीक्षा केंद्र पर परीक्षा रद कर दी गई। ये विवाद यहीं नहीं थमा, बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के बाद अभ्यर्थियों द्वारा पेपर लीक की शिकायत करते हुए परीक्षा रद करने की मांग की जा रही है। अपनी मांग को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। वहीं अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार बंद का ऐलान किया है, जिसके बाद वे सुबह 9 बजे सचिवालय हाल्ट रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों ने ट्रेन रोककर जमकर नारेबाजी की। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थक बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठे। पुलिस ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के समर्थकों को तितर-बितर कर दिया, जिन्होंने बीपीएससी के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर 'रेल रोको' का आयोजन किया था।



ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह, ओडिशा के राज्यपाल-पदनाम, हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा के राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाते हैं, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान देखते हुए।

## भारत के युवाओं का 'एकलव्य' जैसा अंगूठा काट रही भाजपा : राहुल गांधी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर देश के युवाओं के भविष्य को मिटाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर की। लिखा, भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है, उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं, तब उनकी आवाज को बेरहमी से कुचला जाता है। उन्होंने आगे कहा, हाल ही में यूपी और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्य प्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने खुद छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। बीजेपी की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक की आवाज किसी कीमत पर दबाने नहीं देंगे। इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस ने एक्स अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुछ शख्स जेल के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं। एमपी कांग्रेस ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, अराजकता और अन्याय मोहन सरकार की कार्यशैली के मुख्य अंग हैं। बाबा साहब के संविधान और लोकतंत्र से इन्हें सख्त नफरत है। एमपीपीएससी की अनियमितताओं और अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्र राधे जाट और रजत को जेल भेजना मोहन सरकार के अन्याय की पराकाष्ठा है। मोहन सरकार इन पर लादे गए झूठे प्रकरण तुरंत वापस लें।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को लेकर 'इंडिया ' जाएगा एससी, दाखिल करेगा हस्तक्षेप अर्जी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर विपक्ष के कई राजनीतिक दल आवाज उठा रहे हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया भी इस एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है। इंडिया गठबंधन कोर्ट में हस्तक्षेप अर्जी दायर करेगा। इससे पहले कुछ विपक्षी दलों की ओर से इस एक्ट को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं लगाई जा चुकी हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने आज गुरुवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी की उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है, जिसमें 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को लागू करने की मांग की गई है। इस कानून के तहत किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को उस जैसा ही बनाए रखने की बात कही गई है, जैसा वह 15 अगस्त, 1947 के समय था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने आदेश दिया कि ओवैसी की ओर से दाखिल नई याचिका को इस मामले पर लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ा जाए।

## शिवसेना यूबीटी के बदले सुर, मुखपत्र में सीएम फडणवीस की तारीफ, कहा देवाभाऊ प्रशंसा के पात्र


मुंबई (आरएनएस)। पूरा देश जब नए वर्ष के जश्न में डूबा था तो महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस गढ़चिरौली में थे। ऐसी सुबह जिसमें उम्मीदों का वायदा था। 11 नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने की खातिर आत्मसमर्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में उनके प्रयासों को सराहा तो अब धुर विरोधी दल शिवसेना यूबीटी ने भी अपने मुखपत्र सामना में उनकी कोशिशों की प्रशंसा की है। लिखा गया है- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नए साल पर गढ़चिरौली जिले को चुना। जब मंत्रिमंडल के कई मंत्री मलाईदार महकमों और विशेष जिले के ही पालकमंत्री पद के लिए अड़े बैठे हुए थे, मुख्यमंत्री फडणवीस गढ़चिरौली पहुंचे और उस नक्सल प्रभावित जिले में विकास के एक नए पर्व की शुरुआत की। जब पूरा देश नए साल के स्वागत और जश्न में मगन था तब मुख्यमंत्री फडणवीस ने नए साल का पहला दिन गढ़चिरौली में बिताया। सिर्फ बिताया ही नहीं, बल्कि कई विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन, उद्घाटन किया। कुछ परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उस वक्त बोलते हुए उन्होंने गढ़चिरौली के विकास के नए दौर का हवाला दिया। यदि मुख्यमंत्री ने जो कहा वह सच है तो यह न केवल गढ़चिरौली, बल्कि कहना होगा कि यह पूरे महाराष्ट्र के लिए सकारात्मक होगा।

## मुंबई के धारावी में भीषण हादसा, टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर; 6 गाड़ियां खाई में गिरीं

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के धारावी इलाके में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार एक टैंकर ने सड़क किनारे खड़ी छह गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे सभी गाड़ियां पास के नाले में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ जब गाड़ियों के मालिक उन्हें रात में सड़क किनारे पार्क करके गए थे। बेकाबू टैंकर ने इन गाड़ियों को टक्कर मारते हुए नाले में धकेल दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। क्योंकि हादसे के समय सभी गाड़ियां खाली थीं। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची है और नाले में गिरी गाड़ियों को निकालने का काम जारी है। पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अभी तक इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर टैंकर चालक क्यों इतनी तेजी से गाड़ी चला रहा था और वह हादसे के समय नशे में था या नहीं।

## इंडियन रेलवे ने की बड़ी पहल, प्रयागराज जंक्शन पर बनाया जाएगा गेमिंग जोन

लखनऊ (ए)। यात्रियों को सुखद यात्रा अनुभव देने के लिए प्रयागराज रेल मंडल लगातार सुविधाओं में सुधार कर रहा है। प्रयासों के क्रम में, उत्तर मध्य रेलवे का पहला गेमिंग जोन प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफार्म 6 के पास शुरू किया जाएगा। यह गेमिंग ज़ोन एक हाई-एंड गेमिंग वीआर क्रिकेट बॉक्स, एक मोशन थिएटर, पीसी गेम्स, आर्केड गेम्स, एक जंगल सफारी, एयर हॉकी और वीआर गेम्स से सुसज्जित होगा। यात्री क्लासिक से लेकर आधुनिक आर्केड गेम तक विभिन्न प्रकार के गेम का आनंद ले सकते हैं। यह जोन यात्रियों को अनोखा मनोरंजन अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह गेमिंग जोन फन स्पेस एलएलपी द्वारा



स्थापित किया जाएगा। यह गेमिंग जनवरी 2025 में अपनी सेवाएं शुरू करेगा। प्रयागराज जंक्शन पर गेमिंग जोन की सुविधा न केवल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि बच्चों, वयस्कों और बुजुर्गों जैसे सभी आयु समूहों के लिए भी बेहतर होगी। गेमिंग जोन पूरे दिन खुला रहेगा और यात्री तय शुल्क पर टिकट खरीदकर इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। यह गेमिंग जोन मॉल में बने गेमिंग जोन की तर्ज पर बनाया जाएगा। यह पहल यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और सुविधाओं को आधुनिक और उन्नत बनाने के प्रयागराज मंडल के प्रयासों का एक हिस्सा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने कहा कि प्रयागराज मंडल यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रयागराज जंक्शन पर एक्जीक्यूटिव लाउंज और स्लीपिंग पॉड जैसी उन्नत सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इस बीच, महाकुंभ 2025 से पहले, सेक्टर 25, अरैल में एक नया लक्जरी कॉटेज कॉम्प्लेक्स, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को सनातन धर्म में निहित एक गहन अनुभव प्रदान करने का वादा करता है।



उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 27वें अंतर्राष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस के उद्घाटन के दौरान दीप पज्वलित किया.

## रजत दलाल, चुम दरांग और कशिश कपूर की मां ने दी बिग बॉस के घर में दस्तक, अविनाश के मिली जोरदार फटकार



बिग बॉस 18 शो के नए प्रोमो में श्रुतिका अर्जुन, चुम दरांग, रजत दलाल और कशिश कपूर की मां ने घर में दस्तक दी है। श्रुतिका अर्जुन घर में अपने पति और बेटे से मिलकर भावुक हो गईं। वहीं, रजत अपनी मां को देख इमोशनल हो गए। कशिश की मां अविनाश को फटकार लगाती नजर आ रही हैं।

**बेटे को देख भावुक हुईं श्रुतिका**

श्रुतिका अपने बेटों को देखकर भावुक हो गईं। वे अपने बेटे के साथ गार्डन में प्यार भरा समय बिता रही थीं। इसे देख सारे घरवाले भी भावुक हो गए।

**रजत ने कही अपनी मां से बातें**

इससे पहले रजत से मिलने उनकी मां घर पर आईं। वे अपनी मां से बोले कब तक इंसान अपने आप को साबित करता रहेगा। आरोप पर आरोप सहन करता रहेगा। उन्होंने कहा, नाम खराब होता है नहीं झेला जाता। उन्होंने कहा आते थे गाड़ी में बैठा के ले जाते थे। इसके बाद रोने लगे।

**करणवीर मेहरा ने की चुम की मां से मुलाकात**

चुम से मिलने उनकी मां भी घर पहुंचीं। चुम अपनी मां से मिलकर काफी खुश हुईं। इस दौरान बिग बॉस करण वीर मेहरा के मजे लेते नजर आए। बिग बॉस ने इसके बाद करणवीर मेहरा को रिलीज किया। करणवीर मेहरा ने चुम की मां से मुलाकात की। करण ने चुम की मां से कहा आप बहुत सुंदर हो। अब पता चला इतनी सुंदर कैसे है ये। इसके बाद बिग बॉस करण से कुछ बातें करते नजर आ रहे हैं।

# मेरी ख्वाहिश थी कि इरफान सर के साथ काम करूं : आयशा सिंह

एक्ट्रेस आयशा सिंह ने दिवंगत एक्टर इरफान खान को याद करते हुए बताया कि उनके साथ काम करने की हमेशा ख्वाहिश थी। एक्ट्रेस कहती हैं, मेरी ख्वाहिश थी कि इरफान खान सर के साथ काम करूं, लेकिन अफसोस वह अधूरी रह गई। उनका नाम सुनते ही सबसे पहले उनकी फिल्म मकबूल और हिंदी मीडियम याद आती हैं।

चाहे वह कॉमेडी हो या गंभीर रोल, इरफान ने हर किरदार को अपने अंदाज में जी लिया। चंद्रकांता से शुरुआत करने वाले इरफान सर ने जो मुकाम हासिल किया, वह किसी जादू से कम नहीं था। उनके एक्टिंग ने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री को बदल दिया, बल्कि उन्होंने कई लोगों के लिए रास्ते खोल दिए। आयशा आगे कहती हैं, लोग कहते हैं कि टीवी से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखना चैलेंज है। हालांकि, मुझे इस बात से प्रेरणा मिलती है कि अगर इरफान खान, सुशांत सिंह राजपूत, शाहरुख खान और विद्या बालन जैसे स्टार्स ने यह किया, तो मैं भी यह सफर तय कर सकती हूं।

इनकी जर्नी ने मुझे बहुत प्रेरित किया है। अगर इरफान सर जैसे इंसान ने अपने रास्ते पर चलकर इतना ऊंचा मुकाम हासिल किया, तो यह सबके लिए प्रेरणा है। जब मैं सोचती हूं कि उन्होंने कितनी मुश्किलों के बावजूद दूसरों के लिए एक मिसाल पेश की, तो मेरी



आंखों में आंसू आ जाते हैं। बातचीत के दौरान, आयशा ने यह भी शेयर किया कि वे दुनिया भर में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ख्वाहिशों की मेरी लिस्ट लंबी है, और इसमें सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबली भी कई बड़े नाम शामिल हैं। विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल एक बेहतरीन उदाहरण है, और उसका निर्देशन भी अद्भुत था। उस फिल्म ने मुझे कई नई और बेहतरीन फिल्मों का रास्ता दिखाया। मेरी ख्वाहिश है कि मैं ग्लोबली अपनी पहचान बनाऊं।

आगामी टीवी शो मन्नत के बारे में बात करते हुए, आयशा कहती हैं, यह शो सच में बहुत खास और यूनिक है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ एक किरदार के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। शो में बहुत सारे अलग-अलग किरदार हैं, जिनकी अपनी-अपनी जिंदगी और संघर्ष हैं। हर किरदार का अपना महत्व है, और वे कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह शो हर किरदार को महत्वपूर्ण बनाता है। किसी एक किरदार को फोकस करके बाकी को नजरअंदाज नहीं किया गया है। यह सभी किरदारों की कहानी है, जो साथ मिलकर ऑडियंस को प्रेरित करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आयशा सिंह जल्द ही सीरियल मन्नत में लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आएंगी। हाल ही में आयशा ने अपने शो से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की।

## तृप्ति अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग गई रोमांटिक वेकेशन पर



अपने रिलेशनशिप को लेकर बालीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ रोमांटिक वेकेशन पर गई हुई हैं। एक्ट्रेस तृप्ति ने अपने वेकेशन की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।

तृप्ति के साथ इन फोटोज में एक शख्स नजर आ रहा है। जिसको देखकर सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि फोटो में दिख रहा शख्स एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट हैं। तृप्ति डिमरी फिनलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियोज शेयर करते हुए लिखा- 'आज का दिन मेरी जिंदगी के सबसे हैप्पी चैप्टर में से एक है।' एक्ट्रेस के वीडियो में एक शख्स लकड़ियों से आग जलाते दिख रहा है। एक्ट्रेस रेड कलर के आउटफिट और कैप पहने बर्फ से खेलते दिखाई दे रही हैं। तृप्ति के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। तृप्ति और सैम कई बार अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में आए हैं। सैम एक मॉडल हैं, उन्होंने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट का खिताब जीता था। एक मॉडल होने के साथ-साथ सैम बिजनेसमैन भी हैं।

सैम गोवा स्थित कैसावार्टर्स और एव्योरे गोवा फर्म्स के मालिक हैं। वहीं, साल 2023 में एक्ट्रेस फिल्म एनीमल में नजर आई थीं। फिल्म एनिमल में तृप्ति ने बहुत ही छोटा रोल निभाया था। इसके बावजूद उन्हें इस फिल्म से काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। एनिमल में एक्ट्रेस और रणबीर के बीच कुछ इंटीमेट सीन्स भी दिखाए गए थे। उन्होंने साल 2017 में कॉमेडी फिल्म पोस्टर बॉयज से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वो आखिरी बार भूल भुलैया 3 में दिखाई दी थीं। यह फिल्म 1 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का धमाकेदार ट्रेलर आउट, आईएएस ऑफिसर बनकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते दिखे

साउथ सुपरस्टार राम चरण स्टारर मोस्ट अवेटेड पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. गेम चेंजर ने पहले ही इस बात की जानकारी दे दी थी कि 2 जनवरी को फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज होगा. वहीं, लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज हो गया. गेम चेंजर को साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर शंकर ने डायरेक्ट किया है. डायरेक्टर शंकर और राम चरण की जोड़ी की यह पहली फिल्म है. गेम चेंजर में राम चरण के अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी. गेम चेंजर का ट्रेलर हैदराबाद के कोंडापुर में एक इवेंट में लॉन्च किया गया है. गेम चेंजर का ट्रेलर साउथ सिनेमा के दिग्गज फिल्म डायरेक्टर एस.एस राजमौली ने एएमबी सिनेमा से लॉन्च किया है. वहीं, अल्लू अर्जुन के संध्या थिएटर मामले को ध्यान में रखते हुए मेकर्स ने थिएटर्स पर स्पेशल सिक्योरिटी का इंतजाम करवाया है, जिससे यहां पहुंचने वाले लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े. दरअसल, थिएटर में टिकट लेकर ही इवेंट में एंट्री होगी. थिएटर और इसके अंदर पुलिस सुरक्षा का भी कड़ा इंतजाम है.

## काम करवाने के बाद भी गोविंदा को निर्माता नहीं देते थे पैसे, पत्नी सुनीता ने खूब खरी-खोटी सुनाई



हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे अभिनेता का अक्सर निर्माताओं द्वारा फायदा उठाया जाता था, जो उनके भुगतान में देरी करते थे। हालांकि, सुनीता ने यह भी माना कि गोविंदा ऐसी स्थितियों को संभालने के लिए काफी भोले हैं।

गोविंदा के दुनिया भर में बहुत से प्रशंसक हैं। जहां उनके प्रशंसकों ने उन्हें भारतीय फिल्म उद्योग के सुपरस्टार में से एक बना दिया है, वहीं उनकी पत्नी सुनीता आहूजा हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहीं। उन्होंने अपने पति को आज जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करते देखा है। इसलिए, जब लोग अभिनेता से काम करवाने के बावजूद उन्हें पैसे नहीं देते थे, तो वह नाराज हो जाती थीं। अब हाल ही में, सुनीता ने इसके बारे में खुलकर बात की है।

**निर्माता उठाते थे गोविंदा के सीधेपन का फायदा**

हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे अभिनेता का अक्सर निर्माताओं द्वारा फायदा उठाया जाता था, जो उनके भुगतान में देरी करते थे। हालांकि, सुनीता ने यह भी माना कि गोविंदा ऐसी स्थितियों को संभालने के लिए काफी भोले हैं और उन्होंने आगे बढ़कर अभिनेता की मदद की है और खुद लोगों को खरी-खोटी सुनाकर पैसे लिए हैं।

**अभिनेता नहीं करते थे पैसों की बात**

सुनीता ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में बताया, "मैं गोविंदा का काम देखती थी। मैनेजर होने के नाते मैंने देखा है कि लोग उन्हें पैसे नहीं देते थे और गोविंदा कहते थे ,"जाने दो, उसका शो ठीक नहीं हुआ होगा। " सुनीता ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि एक कलाकार होने के नाते फीस मिलना आपका अधिकार होता है।"

**अभिनेता को नहीं मिलती थी फीस**

सुनीता ने यह भी बताया कि कैसे शो के आयोजक गोविंदा को पैसे न देने के लिए अक्सर बहाने बनाते थे। सुनीता ने बताया कि वह कहते थे, "चीची भैया, टिकटें नहीं बिकीं। मैं आपको आपके 20-25 लाख रुपए बाद में दे दूंगा।" लेकिन वह उनके बहाने नहीं मानती थीं और उन्हें खरी-खोटी सुनाती थीं। मैं कहती थी कि किसको उल्लू बना रहा है? " मैं वहीं खड़ी थी और देख रही थी- मैंने देखा कि शो फुल हाउस था।"

## पुष्पा 2 की श्रीलीला के हाथ लगी करण जौहर की फिल्म, मिला कार्तिक आर्यन का साथ

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 जब से रिलीज हुई है, यह बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म में जहां अल्लू की तारीफ हुई, वहीं श्रीलीला की एंट्री ने भी दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं।इस फिल्म के आइटम नंबर किसिक में श्रीलीला ने अपने डांस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया है।उनकी खूबसूरती का हर कोई मुरीद हो गया है।श्रीलीला की बढ़ती लोकप्रियता देख अब उन्हें बॉलीवुड से फिल्म का प्रस्ताव आया है।रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलीला को धर्मा प्रोडक्शंस की नई फिल्म का प्रस्ताव आया है। फिल्म का नाम है तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी। यह वही फिल्म है, जिसके हीरो कार्तिक आर्यन हैं। खबर है कि इस फिल्म के लिए करण जौहर ने श्रीलीला से संपर्क किया है। बातचीत का सिलसिला जारी है। श्रीलीला ने फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है।कार्तिक ने इसी साल दिसंबर के अंत में अपनी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी का ऐलान किया था। क्रिसमस के मौके पर उन्होंने इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था।साल 2026 में उनकी यह फिल्म रिलीज होगी। समीर विद्वंस इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, जिन्होंने सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन किया था। बता दें कि करण और कार्तिक पहले दोस्ताना 2 के लिए साथ आने वाले थे, लेकिन बात नहीं बन पाई थी। किसिक में अल्लू के साथ श्रीलीला की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया।

# 60 दिनों में वजन घटाने के लिए अपनाएं ये वर्कआउट योजना

वजन घटाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, लेकिन सही वर्कआउट योजना और समर्पण से इसे हासिल किया जा सकता है।इस लेख में हम आपको एक वर्कआउट योजना बताएंगे, जो 60 दिनों में 7 किलो वजन कम करने में मदद कर सकती है।यह योजना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपयुक्त है और इसे घर पर भी आसानी से किया जा सकता है।इस योजना का पालन करके आप अपने फिटनेस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### कार्डियो एक्सरसाइज से शुरुआत करें

कार्डियो एक्सरसाइज वजन घटाने के लिए जरूरी है। ये आपके दिल की धड़कन को बढ़ाती हैं और कैलोरी जलाने में मदद करती हैं।आप रोजाना सुबह या शाम को आधे घंटे तक दौड़ सकते हैं, साइकिल चला सकते हैं या रस्सी कूद सकते हैं। अगर बाहर जाना संभव नहीं हो तो घर पर जंपिंग जैक या बर्पीज़ कर सकते हैं।कार्डियो एक्सरसाइज करने से आपकी ऊर्जा बढ़ती है और शरीर का मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का महत्व समझें

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न केवल मांसपेशियों को मजबूत बनाती है बल्कि शरीर की अतिरिक्त चर्बी भी कम करती है। हफ्ते में दो दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें, जिसमें पुश-अप्स, स्क्वाट्स, लंजेस जैसी एक्सरसाइज शामिल हों।ये एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत करती हैं और शरीर की अतिरिक्त चर्बी को घटा सकती हैं।इसके अलावा स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से आपकी हड्डियां भी मजबूत होती हैं, जो लंबे समय तक फिट रहने में मदद कर सकती हैं।

### योग और मेडिटेशन का संयोजन अपनाएं

योग और मेडिटेशन मानसिक शांति के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं।हफ्ते में एक दिन योग करें, जिसमें सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन जैसे आसन शामिल हों। ये आसन आपके शरीर को लचीला बना सकते हैं और तनाव को दूर करते हैं।इसके अलावा मेडिटेशन करने से तनाव कम होता है, जिससे आप अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और आपकी एकाग्रता भी बढ़ती है।

### हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग



हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) तेजी से कैलोरी जलाने का बेहतरीन तरीका है। इसमें छोटी अवधि के लिए उच्च तीव्रता वाली एक्सरसाइज की जाती है, जिसके बाद थोड़ी देर आराम किया जाता है।उदाहरण के तौर पर आप 30 सेकंड तक स्प्रिंट कर सकते हैं, फिर 30 सेकंड आराम कर सकते हैं और इसे कुछ बार दोहरा सकते हैं।एचआईआईटी आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे आपका शरीर अधिक कैलोरी जलाता रहता है।

### आराम करने का दिन भी रखें

वर्कआउट प्लान में आराम का दिन भी जरूर होना चाहिए ताकि शरीर ठीक से रिकवर हो सके और मांसपेशियां मजबूत बन सकें।हफ्ते में एक दिन पूरी तरह आराम करें या हल्की स्ट्रेचिंग करें, जिससे अगले सप्ताह फिर से ऊर्जा के साथ वर्कआउट शुरू कर सकें।आराम करने से चोट लगने का खतरा भी कम होता है और आप अपनी फिटनेस यात्रा को लंबे समय तक जारी रख सकते हैं, जिससे वजन घटाने के लक्ष्य को हासिल कर सकें।

# मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में आसानी से शामिल करने के लिए अपनाएं ये तरीके

मेडिटेशन मानसिक शांति और आत्म-संतुलन पाने में मदद कर सकता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मेडिटेशन का महत्व और भी बढ़ गया है।अगर आप भी मेडिटेशन को शुरू करना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए है।आइए हम आपको पांच सरल तरीके बताएंगे, जिनसे आप आसानी से मेडिटेशन की शुरुआत कर सकते हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इन कदमों का पालन करके आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं।

### सही स्थान चुनें

मेडिटेशन के लिए एक शांत और आरामदायक स्थान चुनना बहुत जरूरी है। यह जगह ऐसी होनी चाहिए, जहां आपको कोई बाधा न हो और आप पूरी तरह से अपने विचारों में डूब सकें।घर का कोई कोना या बगीचा इस काम के लिए उपयुक्त हो सकता है। वहां बैठकर कुछ समय बिताएं ताकि आपका मन उस जगह से परिचित हो सके और वहां मेडिटेशन करना आसान हो जाए।

### समय निर्धारित करें

मेडिटेशन के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करना आपकी दिनचर्या को व्यवस्थित करने में मदद करता है।सुबह का समय सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि तब मन शांत होता है और दिनभर की चिंताओं से मुक्त रहता है।अगर सुबह का समय संभव न हो तो शाम को भी मेडिटेशन किया जा सकता है। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि नियमितता बनी रहे और आप इसके लाभ प्राप्त कर सकें।

### आरामदायक मुद्रा अपनाएं

मेडिटेशन करते समय शरीर को आरामदायक स्थिति में रखना जरूरी होता है ताकि लंबे समय तक बैठने पर कोई असुविधा न हो।पद्मासन या सुखासन जैसी मुद्राएं आमतौर पर उपयोगी होती हैं। अगर ये कठिन लगें तो कुर्सी पर बैठकर भी मेडिटेशन किया जा सकता है।ध्यान रहे कि रीढ़ सीधी रहे और शरीर में कोई तनाव न हो। इससे आप अधिक समय तक मेडिटेशन में स्थिर रह सकेंगे और मन को शांति मिलेगी।

### सांसों पर ध्यान केंद्रित करें

सांसों पर ध्यान केंद्रित करना मेडिटेशन की शुरुआत के लिए एक सरल और प्रभावी तरीका है। जब आप धीरे-धीरे गहरी सांस लेते हैं और



छोड़ते हैं तो इस प्रक्रिया पर पूरा मेडिटेशन दें।इससे आपके विचार शांत होंगे और मन को स्थिरता मिलेगी। नियमित अभ्यास से यह विधि मानसिक शांति प्रदान करती है और ध्यान की क्षमता को बढ़ाती है।इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि इसका अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

### नियमित अभ्यास करें

मेडिटेशन में सफलता पाने के लिए नियमित अभ्यास बहुत अहम होता है।शुरुआत में कुछ मिनट ही सही लेकिन रोजाना अभ्यास करें ताकि धीरे-धीरे आपकी क्षमता बढ़े और आप अधिक देर तक बिना विचलित हुए बैठ सकें।नियमितता से ही आपको इसके लाभ महसूस होने लगेंगे।इन सरल कदमों के माध्यम से आप अपनी मेडिटेशन यात्रा शुरू कर सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं।

## अपनी मर्जी से नहीं गौतम गंभीर के चलते बेंच पर बैठने मजबूर हुए रोहित शर्मा

सिडनी, (ए.)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे सिडनी टेस्ट मैच में रोहित शर्मा प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं हैं. उनकी जगह टीम इंडिया की कमान संभाल रहे जसप्रीत बुमराह ने टॉस पर बताया कि रोहित ने रेस्ट करने का फैसला किया है. लेकिन, अब खबर सामने आ रही है की हेड कोच गौतम गंभीर ने हिटमैन को अंतिम ग्यारह से बाहर किया है।

ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. उनके बल्ले से एक भी अच्छी पारी नहीं निकली है, जिसकी वजह से हेड कोच गौतम गंभीर रोहित को प्लेइंग-11 से बाहर करने पर अड़ गए थे।

दरअसल, गंभीर किसी भी कीमत पर सिडनी टेस्ट जीतकर टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में बनाए रखना चाहते थे. इसलिए इस वक्त वह प्लेइंग इलेवन को लेकर कोई भी समझौता नहीं करना चाहते. यही वजह है कि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित को अंतिम ग्यारह से बाहर कर शुभमन गिल को मौका देना चाहते थे।

## सिडनी के परिणाम पर टिकीं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए भारत की संभावनाएं




सिडनी (ए.)। भारतीय टीम के विश्व विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल की संभावनाएं अब सिडनी टेस्ट पर ही अधारित हैं। अगर भारतीय टीम ये मैच हारती है तो उसके फाइनल में पहुंचने की सभी संभावनएं समाप्त हो जाएंगी। वहीं अगर वह जीतती है तो दौड़ में बनी रहेगी पर उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित होनो होगा। इस मैदान पर भारतीय टी को अब तक 13 मैचों में से केवल एक बार ही जीत मिली है। वहीं उसे पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम को एकमात्र जीत जनवरी 1978 में मिली तब बिशन सिंह बेदी कप्तान थे। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 131 रन पर आउट करने के बाद गुंडप्पा विश्वनाथ और करसन घावरी के अर्धशतकों की सहायता से भारत ने 265 रन की बढ़त बना ली। इसके बाद, इरापल्ली प्रसन्ना के चार विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में 263 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में भागवत चन्द्रशेखर और बेदी ने क्रमश: चार और तीन विकेट लिए थे। वहीं इस सीरीज की बात करें तो पर्थ में 295 रनों की बड़ी जीत के बाद भारतीय टी को 1-0 की बढ़त के साथ मिल गयी थी पर टीम उसे बरकरार नहीं रख पायी। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कि फिर ब्रिस्बेन टेस्ट बराबरी पर रहा जबकि मेलबर्न में भारतीय टीम को हार झेलनी पड़ी। बॉर्डर गावस्कर सीरीज अभी 2-1 से फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है पर अगर भारतीय टीम मैच जीतती है

## पाक टीम जीतेगी चैंपियंस ट्रॉफी : शोएब अख्तर

लाहौर (ए)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भरोसा है कि अपनी मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी टीम खिताब जीतेगी। पाक में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा और इसमें भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को होगा। इसमें भी शोएब को अपनी टीम के जीतने की उम्मीदें हैं। अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान शीर्ष 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमान को टीम में शामिल किया जाये। इसमें बाबर आजम भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अख्तर ने कहा कि, बाबर चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए अंतर पैदा करेंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मुझे यकीन है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम अच्छा खेलेगी। उन्होंने कहा कि पाक को अपने घरेलू मैदानों का लाभ मिलेगा जिससे उसके जीतने की अधिक संभावना है। इससे पहले उसेन साल 2017 में भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था।

# बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर सिमटी

## ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 9 रन बनाये




सिडनी (ए)। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर मेजबान गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी और अपनी पहली पारी में 185 रनों पर ही सिमट गयी। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त तक अपनी पहली पारी में तीन ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 9 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि सैम कोनस्टास 7 रन बनाकर खेल रहे थे।वहीं आज सुबह भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह सही साबित नहीं हुआ। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट केवल 17 रनों पर ही खो दिये। भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। सलामी बल्लेबाजों के साथ-साथ कोहली और जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। भारत की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रनों पर ही आउट हो गये । इसके बाद केएल राहुल के उम्मीद थी पर वह केवल 4 रन ही बना पाये। शुभमन गिल ने इस मैच में वापसी करते हुए केवल 20 रन बनाये। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी 17 रन ही बना पाये। ऋषभ ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। वहीं रविंद्र जडेजा 26 रनों पर आउट हुए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले नितीश रेड्डी शून्य पर ही आउट हो गये। वाशिंगटन सुंदर ने 14 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 रन बनाये। बुमराह 17 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट। बुमराह ने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। मोहम्मद सिराज 17 रन बनाकर नाबाद रहे। मेजबान कंगारुओं की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 4, मिचेल स्टार्क ने 3, पैट कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया। भारतीय टीम की अंतिम 11 में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और चोटिल आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। इस मैच में भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने आराम लिया। जिस कारण बुमराह को कप्तानी दी गयी थी। इस मैच में शुभमन गिल की अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाज कृष्णा को पहली बारी सीरीज में खेलने का अवसर मिला है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने एक बदलाव के तहत ही मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया ने ऑलराउंडर वेबस्टर को खराब फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श की जगह शामिल किया गया है।

## हमने शायद रोहित को टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार देखा हैः गावस्कर

सिडनी, (ए)। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पांचवें टेस्ट के लिए आराम करने का फैसला करने के बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर टीम के लिए अपना आखिरी टेस्ट



खेला है।गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के कप्तान को प्लेइंग 11 में शामिल किए जाने पर अजीबोगरीब जवाब के बाद सीरीज के अंतिम मैच में रोहित की भागीदारी अनिश्चित थी।हालांकि, गुरुवार की शाम को यह स्पष्ट हो गया कि रोहित मैच में नहीं खेलेंगे। टॉस के समय, जसप्रीत बुमराह ने कप्तान की टोपी पहनी, जबकि शुभमन गिल ने रोहित की जगह प्लेइंग 11 में जगह बनाई। भारत की टीम में दूसरा बदलाव यह था कि चोटिल आकाश दीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया। रोहित के बल्ले से संघर्ष ने उन्हें युवा खिलाड़ी के लिए जगह छोड़ने के लिए मजबूर किया।

## विविध-सामाचार

### ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

ऑकलैंड, (आरएनएस)। पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई।ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया।जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और एस-हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी।ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा, मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है।ओसाका ने अंतिम सेट में अपना दबदबा जारी रखा, जिसमें दिन का उनका 10वां और अंतिम ऐस उनके पहले मैच प्वाइंट पर पहुंचा। ओसाका ने 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद पहली बार फाइनल चार में जगह बनाने के लिए अपना स्थान पक्का किया।

### 100 साल तक नहीं टूटेगा धोनी का विनिंग प्रतिशत का रिकॉर्ड

नईदिल्ली, (आरएनएस)। 2008 में शुरू हुए आईपीएल के 17 सीजन खेले जा चुके हैं और हर बार एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनते और टूटते हैं. लेकिन, हम आपको महेंद्र सिंह धोनी के एक ऐसे रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जो अगले 100 सालों तक भी उन्हीं के नाम पर दर्ज रहने वाला है, क्योंकि कोई दूसरा उनके आस-पास भी नहीं है।

वैसे तो एमएस धोनी ने कई बड़े रिकॉर्ड आईपीएल में अपने नाम किए हैं, लेकिन बतौर कप्तान एक ऐसा रिकॉर्ड है, जो सबसे बड़ा है. ट्रॉफी के मामले में तो भले ही रोहित शर्मा धोनी की बराबरी कर लें, लेकिन विनिंग प्रतिशत में तो माही की बराबरी आज तक ना तो कोई कर सका है और उन रिकॉर्ड्स को देखकर ऐसा लगता है कि सालों तक इसे कोई तोड़ भी नहीं पाएगा.अब तक अपने आईपीएल करियर में धोनी ने 226 मैचों में टीम की कप्तानी की और 133 मैचों में अपनी टीम को जीत दिलाई. जबकि 91 मुकाबलों बतौर कप्तान हारे. एमएस धोनी के बाद दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम है, जिन्होंने 158 मैचों में मुंबई की कप्तानी की है और 87 मैचों में जीत दिलाई. अब आप देख ही सकते हैं कि पहले नंबर पर मौजूद धोनी और दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित के आंकड़ों में कितना बड़ा अंतर है और रोहित आईपीएल में अब बतौर कप्तान नहीं सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलते हैं. ऐसे में ये कहना बिलकुल गलत नहीं होगा कि ये रिकॉर्ड सालों-साल माही के नाम रहने वाला है. आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी को 4 करोड़ रुपये में रिटेन कर अपने साथ बरकरार रखा है. नतीजन, ये तो तय हो गया है कि माही आईपीएल 2025 में भी चेन्नई का प्रतिनिधित्व करेंगे. आंकड़ों की बात करें, तो धोनी ने 264 मैचों में 137.54 की स्ट्राइक रेट और 39.13 के औसत से 5243 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 24 अर्धशतक भी लगाए।

# विदेश समाचार

## इजरायली हमलों में गाजा पुलिस प्रमुख समेत 71 की मौत

गाजा (आरएनएस) । गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख और उनके डिप्टी भी शामिल हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया कि इजरायली सेना ने गुरुवार को 30 से अधिक हमले किए। इनमें अल-मवासी के तथाकथित मानवीय क्षेत्र और उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर पर भी अटैक हुआ।

मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, इजरायली एयर स्ट्राइक में नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि गाजा के पुलिस बल के प्रमुख महमूद सलाह और उनके डिप्टी हुसाम शाहवान उन 12 लोगों में शामिल थे, जो अल-मवासी में एक टेंट शिविर पर हुए हमले में मारे गए। सलाह एक अनुभवी अधिकारी थे। उन्होंने पुलिस में 30 साल बिताए थे और करीबी छह साल तक इसके प्रमुख रहे।

गाजा के आंतरिक मंत्रालय ने हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि दोनों पुलिस अधिकारी 'हमारे लोगों की सेवा करके अपना मानवीय और राष्ट्रीय कर्तव्य निभा रहे थे।' मंत्रालय ने इजरायल पर घातक हमले के जरिए गाजा में 'अराजकता' फैलाने और 'मानव पीड़ा' को बढ़ाने का आरोप लगाया। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने वार्ताकारों को कतर की राजधानी दोहा में बातचीत जारी रखने के लिए कहा है ताकि बंधकों की रिहाई के लिए डील फाइनल की जा सके। हाल ही में इजरायल और हमास ने समझौते में देरी को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे।


## शीर्ष कमांडर सुलेमानी की हत्या के पांच साल, ईरान ने किया याद

तेहरान ,(आरएनएस) । ईरान के लोगों ने देश भर में अमेरिका द्वारा शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या की पांचवीं वर्षगांठ मनाई।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर सुलेमानी और इराकी मिलिशिया नेता अबू महदी अल-मुहंदिस 3 जनवरी, 2020 को बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे। ईरान ने इस हत्या की निंदा राज्य आतंकवाद के कृत्य के रूप में की थी।गुरुवार को तेहरान और सुलेमानी के गृहनगर केरमान सहित देश भर के शहरों में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए, जिनमें उन्हें और अन्य को रेजिस्टेंस फ्रंट के शहीदों को सम्मानित किया गया। तेहरान में इमाम खुमैनी के मोसल्ला प्रार्थना हॉल में एक बड़ी सभा हुई, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी प्रमुख होसैन सलामी और कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी जैसे सैन्य कमांडर और सुलेमानी के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।उपस्थित लोगों ने सुलेमानी और मुहंदिस के साथ-साथ क्षेत्रीय समूहों के अन्य मारे गए कमांडरों की तस्वीरें भी अपने हाथों में ले रखी थीं। हॉल में सुलेमानी, मुहंदिस, हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह और पूर्व हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की बड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गई थीं।पेजेशकियन ने कहा कि सुलेमानी ने अपना जीवन उत्पीड़ितों की रक्षा और लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने मुसलमानों के बीच मतभेद पैदा करने की दुश्मनों की कोशिशों पर भी टिप्पणी की। कहा, हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसी साजिशों को विफल करने के लिए अधिकतम प्रयास करें, तथा दुश्मनों को अपने बुरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मुसलमानों के बीच मतभेदों का फायदा उठाने से रोकें।

## भूकंप के तेज झटकों से थर्राया अमेरिका का चिली

वाशिंगटन (ए)। दक्षिण अमेरिकी देश चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय समय के मुताबिक यहां 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी यह



स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भूकंप के कारण चिली के प्रभावित क्षेत्र में कितना नुकसान हुआ है। चिली सरकार और आपदा प्रबंधन एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर बने रहने, अनावश्यक यात्रा न करने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक एंटोफगास्टा, चिली में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र 104 किलोमीटर (64.62 मील) की गहराई पर था।बता दें कि इतिहास में अब तक सबसे ज्यादा तीव्रता का भूकंप चिली में ही दर्ज किया गया है। चिली भूकंप-प्रवण देशों में से एक है, जहां प्लेट टेक्टॉनिक्स के कारण अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इतिहास में यहां कई भीषण भूकंप दर्ज किए गए हैं। 1960 में वल्डिविया में आया 9.5 तीव्रता का भूकंप अब तक का सबसे बड़ा भूकंप माना जाता है।

## अमेरिका में फर्नीचर वेयरहाउस की छत पर क्रैश हुआ प्लेन, 2 लोगों की मौत

कैलिफोर्निया, (आरएनएस) । अमेरिका के कैलिफोर्निया में फर्नीचर के वेयरहाउस पर एक प्लेन क्रैश हुआ है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, लॉस एंजिल्स के पास गुरुवार को एक विमान इमारत की छत से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फुलर्टन पुलिस प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर 2ः09 बजे लॉस एंजिल्स से 40 किमी दक्षिण-पूर्व में फुलर्टन शहर में हुई। हादसे के तुरंत बाद ही विमान में भीषण आग लग गई और आसपास के जगहों को खाली कराया गया।

स्थानीय केएबीसी न्यूज चैनल के वीडियो फुटेज में एक बड़ी इमारत के ऊपर से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया है। यह इमारत एक क्षेत्रीय ट्रेन लाइन के पास स्थित है और इसके दोनों ओर कई इमारतें भी हैं।

क्रिस्टी वेल्स ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह विमान किस तरह का था, घायल एयरक्राफ्ट में या फिर जमीन पर थे और घायलों की स्थिति क्या है।

## भारत के साथ बेहद खास रिश्ता है, हमारा देश कभी खिलाफ नहीं जाएगा', बांग्लादेश के आर्मी चीफ ने दिया बयान



ढाका , (आरएनएस) । भारत से चल रहे तनावों के बीच बांग्लादेश के आर्मी चीफ का बड़ा बयान सामने आया है। सेना प्रमुख वाकर-उज-जमान ने एक बयान में कहा कि भारत के साथ बांग्लादेश का बेहद खास रिश्ता है। इसलिए उनका देश कभी भारत के खिलाफ नहीं जा सकता। इस दौरान उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण पड़ोसी बताया और कहा कि ढाका कई मामलों में नई दिल्ली पर निर्भर है।

सेना प्रमुख ने कहा कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अपना इलाज कराने भी भारत जाते हैं और वहां से ढाका बहुत सारा सामान भी आयात करता है। इसलिए बांग्लादेश ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा, जो भारत के रणनीतिक हितों के खिलाफ हो। भारत-बांग्लादेश के बीच लेन-देन से लेकर आपसी हितों को समान महत्व देने का रिश्ता है। इसमें कोई भेदभाव न हो। इसलिए बांग्लादेश को भारत से समान रिश्ते बना कर रखना होगा। यही बांग्लादेश के हित में है।

बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण भारत के साथ कई मुद्दों में से एक है। जबकि अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध अंतरिम सरकार की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वह छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद देश से बाहर चली गई थीं। छात्रों के आंदोलन के कारण उनकी 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। बांग्लादेश स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के खिलाफ ''मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार'' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पूर्व राजनयिक और प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में वास्तविक विदेश मंत्री हुसैन ने कहा कि रोहिंग्या संकट से निपटने के साथ-साथ अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखना 2025 में बांग्लादेश के लिए प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी।

## चीन में एक और महामारी की एंट्री, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने बढ़ाई चिंता



बीजिंग (आरएनएस) । चीन, जहां से कोरोना महामारी की शुरुआत हुई थी, एक बार फिर एक नई महामारी की आशंकाओं से घिरा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और पोस्ट्स के अनुसार, चीन में ह्यूमन मेटापनेयूमो वायरस , इन्फ्लूएंजा,, मायकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे अस्पतालों और श्मशान घाटों में भीड़ बढ़ गई है। इन दावों ने एक नए महामारी के फैलने की आशंका को जन्म दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अस्पतालों के वेटिंग हॉल मरीजों से भरे हुए दिखाए जा रहे हैं, जहाँ कई लोग मास्क पहने हुए हैं और कुछ खांस रहे हैं। एक वीडियो, जिसे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किया गया है, को 1 करोड़ 20 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जिसमें दावा किया गया है कि यह चीन के एक अस्पताल का दृश्य है।

हालांकि, इन दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न तो चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की पुष्टि की है कि चीन में कोई नई महामारी फैल रही है।

एचएमपीवी एक श्वसन संबंधी वायरस है जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनता है, जैसे खांसी, बुखार और नाक बहना। यह वायरस विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। एचएमपीवी का संक्रमण कोविड-19 की तरह ही फैलता है, संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से या संक्रमित सतहों को छूने से।

सोशल मीडिया पर फैली इन आशंकाओं के बावजूद, डब्ल्यूएचओ और चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी तक इस कथित नए महामारी के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। डब्ल्यूएचओ ने इस वायरस के प्रकोप को लेकर किसी आपातकालीन स्थिति की घोषणा नहीं की है और न ही कोई गंभीर चेतावनी जारी की है। इसलिए, अभी तक इसे एक संभावित खतरे के रूप में देखा जा रहा है जिसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

## भीड़ में गाड़ी घुसाने से पहले दो जगह फिट किए थे बम; आईएसआईएस समर्थक हमलावर को लेकर एफबीआई ने किए नए खुलासे

वाशिंगटन (आरएनएस) ।अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में नए साल पर कई लोगों को ट्रक से रौंदने वाले हमलावर शम्सुद-दीन जब्बार पर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि हमलावर जब्बार ने अकेले ही ये हमला किया था। बाइडन ने कहा कि उसे आईएसआईएस का प्रबल समर्थन था। बुधवार की सुबह जब्बार ने अपने पिकअप ट्रक को भीड़ से भरी बॉर्बन स्ट्रीट में घुसा दिया था, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 35 घायल हो गए।

**आतंकी हमले के एंगल से जांच कर रही एफबीआई**

एफबीआई इस घटना की जांच आतंकवादी हमले के एंगल से कर रही है। 42 वर्षीय जब्बार की स्थानीय पुलिस के साथ गोलीबारी में मौत हो गई। वो एक पूर्व अमेरिकी सैनिक था। वह ह्यूस्टन का रहने वाला था और गाड़ी चलाकर न्यू ऑरलियन्स गया था।

बाइडन ने कहा कि एफबीआई ने मुझे बताया कि अभी तक हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि हमले में कोई और शामिल है। उन्होंने पाया है कि हमलावर वही व्यक्ति था जिसने भीड़ में अपनी गाड़ी घुसाने से कुछ घंटे पहले ही फ्रेंच क्वार्टर में दो नजदीकी स्थानों पर उन आइस कूलर में विस्फोटक रखे थे।

# राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने की इछावर जनपद के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

## -गंभीरता से करें जनकल्याण एवं राजस्व महा अभियान का संचालन - राजस्व मंत्री श्री वर्मा

## -70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के बनाए जाएं आयुष्मान कार्ड - राजस्व मंत्री श्री वर्मा



सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में इछावर जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित कर जनपद में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व महाभियान 3.0 तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पाने से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नही। उन्होने कहा कि शिविरों के दौरान आमजन के राजस्व संबंधी कार्यों तथा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर जनपद के सभी जनपद सदस्यों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अधिकारी सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ ही आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान 3.0 चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत आमजन के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम आदि के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंनें संबंल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती रेखा वर्मा सहित सभी जनपद पंचायत के सदस्य, एसडीएम जमील खान, जनपद सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर सम्पन्न



सीहोर (निप्र)। विकासखंड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन स्थानीय राजा भोज गार्डन मुरली रोड सीहोर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डी.पी.सी. रमेश राम ऊईके, बी.आर.सी. अशोक वर्मा एवं ए.पी.सी. फैजान उद्दीन के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए.सी. श्रीमति योगिता लोधी द्वारा किया गया। तथा एम.आर.सी. श्रीमति नीलेश राय के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। शिविर में सीहोर विकासखंड के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के 05 से 14 वर्ष के समस्त चिन्हित दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा बनाए गए एवं पूर्व में बने हुये प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया। एलिमको उज्जैन द्वारा सभी बच्चों को उपकरण एवं आईडी किट हेतु चिन्हित किया गया। सीहोर से आए डॉ.ताम्रकार, नवल किशोर, दुर्गा दास नागले द्वारा बच्चों के आईडी कार्ड बनाए गए। शिविर में सभी बच्चों को भोजन वितरण किया गया ।

एम.आर.सी. श्रीमति गायत्री श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग 135 बच्चों का पंजीयन किया गया तथा 75 बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए गए एवं पुराने प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया। उपकरण हेतु 65 बच्चों को चिन्हित किया गया । शिविर में बी.ए.सी. जी.आर. विश्वकर्मा एवं सुरेश कुमार राय जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा सहयोग किया गया।

## गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन प्रारंभ छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाइन

सीहोर (निप्र)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गाँव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल https://hescholarship.mp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश जारी किये गये है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना से श्रीमती सुमन बाई ने खोली अपनी पूजन सामग्री की दुकान



सीहोर (निप्र)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना भी उन्ही योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगो, छोटे व्यापारियों और रेहड़ी, ठेले वालों तथा फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा 10 हजार रूपये से 50 हजार रुपये तक का लोन दिया जाता है। सीहोर निवासी श्रीमती सुमन बाई भी उन हितग्राहियों में से एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना का लाभ मिला है। श्रीमती सुमन कहती हैं कि में बहुत समय से अपनी पूजन सामग्री की दुकान शुरू करने के बारे में सोच रही थी, पर कमजोर आर्थिक स्थिति और पैसे न होने के कारण मैं अपनी दुकान नही खोल पा रही थी। फिर मैंने प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के लिए आवेदन किया और मुझे इस योजना के तहत 10 हजार रूपये का लोन मिला। मैने लोन की राशि से अपनी पूजन सामग्री की दुकान खोली और अपना व्यवसाय शुरू किया। श्रीमती सुमन बाई कहती हैं कि, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना से मिले लोन के कारण आज मेरा रोजगार बहुत अच्छे से चल रहा है। श्रीमती सुमन बाई ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

## रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 10 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 10 जनवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 4:00 बजे तक सीहोर स्थित पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में युवा संगम के तहत रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेला में स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियां आएंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे।

# कीट प्रबंधन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




सीहोर (निप्र)। केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन इंदौर द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा एनपीएसएस के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं कृषको को एनपीएसएस मोबाइल एप के माध्यम से एकीकृत कीट प्रबंधन के लिये एप की उपयोगिता बताई गई। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि इस एप्लीकेशन के माध्यम से कृषक कीट पूर्वानुमान, नवीनतम एआई/एमएल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके कीट हमले से होने वाले नुकसान को नियंत्रित करने के लिए तत्काल समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रणाली के द्वारा कृषक रोगों और कीटो की फोटो अपलोड करके उचित प्रबंधन जान सकते है। आयोजित प्रशिक्षण में कृषि उप संचालक केके पाण्डेय, सहायक संचालक कृषि अनिल कुमार जाट, अवेंद्र यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

# भगवान को पाना सरल है लेकिन भगवान की भक्ति मिलना कठिन है

## सूदजी से 88 हजार संत कथा सुनने आते थे, अब श्रौता कथा वाचक को प्रतिक्षा कराते है- पं तिवारी






सीहोर (निप्र)। हनुमान फाटक मंदिर परिसर कस्बा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापूराण के दूसरे दिन शुक्रवार को भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी ने श्रद्धालुओं के मध्य राजा परिक्षित कथा सुनाते हुए कहा की कलयुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का है जब चने के पौधे के नीचे बैठक होगी और 21 वर्ष की युवती दादी बनने लगेगा तब घौर कलयुग होगा तब भगवान कल्की अवतार पृथ्वी पर होगा।

### कथा सुनने आने में करते है आलस

पं तिवारी ने कहा की कलयुग में लोग भागवत कथा सुनने आने में आलस करते है जबकी पूर्वकाल में जब सूदजी महाराज भगवान की कथा सुनाते थे तो नेमिशरण में 88 हजार संत पहले से आकर विराजमान हो जाते थे किंन्तू अब भगवान की कथा करने वाले को श्रौताओं की प्रतिक्षा करनी होती है। ध्रुव प्रसंग सुनाते हुए उन्होने कहा की काफी कम आयू में ध्रुव को भगवान मिल गए थे परंतू भक्ति नहीं मिलती थी जिस कारण वह हिंसक बने हुए थे सत्संग और भगवान के सुमिरन से ही भगवान की भक्ति मिल सकती है भक्ति मिलने का और कोई दूसरा उपाए नही है भगवान की सेवा में मन लगना हीं भक्ति मिलने का प्रमाण है।

### लोग डर के कारण करते है सोलह श्राद

व्यास गादी से पं तिवारी ने तर्पण की महीमा बताते हुए कहा की अधिकांश लोग डर के कारण सोलह श्राद करते है गयाजी पितरों को तारने नहीं पितरों से पिंड छुड़ाने जाते है। जबकी हिन्दू सनातन शास्त्र कहते है की पितर देवताओं की शरण में होते है आपके द्वारा पितरों के लिए किया गया तर्पण पितरों के साथ देवताओं को भी प्राप्त होता है हमेशा भगवान और पितरों पूर्वजों की हम पर कृपा बनी रहे इस लिए भोग लगाते रहना चाहिए पितरों को तर्पण करते रहना चाहिए।

### हर स्थिति में प्रभु के साथ रहना चाहिए

भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी ने कहा की भक्त को हर स्थिति में प्रभु के साथ रहना चाहिए दुख का भी स्वागत करना चाहिए और सुख के लिए भी भगवान को धन्यवाद करना चाहिए। भगवान से मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करना चाहिए लेकिन अर्चना के फल देने या नहीं देने की जिम्मेदारी भगवान पर ही छोड़ देना चाहिए क्योकी बचाने वाले भी भगवान है और मारने वाले भी भगवान है जिस पर प्रभु की कृपा होती है उसे कोई नही मार सकता है और प्रभू ने जिस को अपने पास बुला लिया उस को कोई रोक भी नहीं सकता है।

### श्रद्धालुओं को दिखाया भक्ति का मार्ग

श्रीमद् भागवत कथा पूराण के दौरान भागवत भूषण पं तिवारी ने विभिन्न कथा प्रसंगों और मधुर संगीतमय भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति का मार्ग दिखाया। मुख्य यजमानों के द्वारा भागवतजी की पूजा अर्चना की गई

और प्रसाद का वितरण किया गया। कथा सुनने के लिए शहर सहित आसपास के गांवों से भी नागरिक हनुमान फाटक मंदिर परिसर पंडाल में पहुंच रहे है। कथा प्रतिदिन दोपहर एक से शाम चार बजे तक हो रही है।

## कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कपिल परमार को दी बधाई

सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश के दो पैरालंपिक खिलाड़ी कपिल परमार और सुश्री रूबीना फ्रांसिस ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों को भारत के प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार अर्जुन अवार्ड'' से सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इस बड़ी उपलब्धि पर कपिल परमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कपिल परमार ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सीहोर जिले को और देश-प्रदेश को गौरवान्वित किया है। कपिल परमार सीहोर के रहने वाले हैं। श्री परमार पेरिस पैरालंपिक 2024 के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं। कपिल परमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 5 सितंबर 2024 को 60 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसी के साथ वे जूडो में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। अर्जन आर्वाड पुरस्कार विजेताओं को 17 जनवरी, 2025 सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## दूरदर्शन, म.प्र.साहित्य साधना मंच एवं अंजुमन फिक्रे अदब के तत्वाधान में मुशायरा आज

सीहोर (निप्र)। दूरदर्शन, म.प्र.साहित्य साधना मंच एवं अंजुमन फिक्रे अदब के तत्वाधान में आज दिनांक 4 जनवरी 2025, शनिवार को शाम 6 बजे स्थानीय सीहोर क्लब शुगर फेक्ट्री चौराहे पर मुशायरे का आयोजन रखा जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ.अनीस खान एवं साहित्य साधना मंच के संस्थापक सुरेश जायसवाल द्वारा ने बताया कि उक्त आयोजन स्वर्गीय राय साहब राम चरण जायसवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश प्रदेश के मशहूर शायर जनाब मसरूर कौसर, रशीद शैदा,शायरा सीमा शिवहरे सुमन, महावीर सिंह, मंगलेश जायसवाल, हबीब सागर, तमकीन बहादुर, सोहेल आसिफ, नोमान गाजी, उवैस राईन, ए आर साहिल, जावेद अष्टवी, वृंदावन राय सरल सागर, धर्मराज, रामनारायण राठौर, सादिक राईन आदि शायर आयोजन में शिरकत करेगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रमुख जयंत श्रीवास्तव अधिशासी दुरदर्शन भोपाल, मो.इफ्तिखार दूरदर्शन भोपाल, शायर व एंकर फरमान जियाई दूरदर्शन भोपाल उक्त कार्यक्रम में सभी मुशायरा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से वृन्दावन राय सागर, डॉ. अनीस खान, सुरेश जायसवाल, मुमताज खान, शैलेन्द्र पहलवान, रामनारायण राठौर, ए.आर. साहिल, जावेद आष्टवी, नसीम अहमद नसीम यूनुस बैग अंबर, तारीकुल्लाह, सादिक राईन, काजी आशु साहब, धरमराज देशराज, ए.आर. साहिल, नारायण नवरंग, कुतुबुद्दीन शेख, सै.महमूद अली, सुभाष चौहान, हरीश सोनी, संदीप मेवाड़ा, हरीश आर्य, मुख्तार भाई, परवेज भाई, आसीफ कुरेशी, फैसल राईन, तारिक भाई, नसीम अहमद, वसीम भाई, कैफी भाई, श्याम भाई, दानिश अली, परवेज़ अली, परवेज़ खान, आसिफ कुरैशी, फहीम अंसारी, दीपेश मेवाड़ा, आमिर खान, उस्मान कुरैशी, चंदू कुरैशी, याकूब भाई आदि शामिल हैं।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती

सीहोर (निप्र)। बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती जिला स्तर पर मनाई गई। इय मौके पर विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम जिला कार्यालय पर रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे जॉन प्रभारी बसपा ग्वालियर,



विशेष अतिथि अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा सीहोर, कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर ने की। इस अवसर पर शाकिर अली जिला उपाध्यक्ष बसपा सीहोर, नर्सिंग भारती जिला महासचिव बसपा सीहोर, एम.पी. सागर जिला सचिव बसपा सीहोर, हरिओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष, आनंद घावरी जिला बीवीएफ मुख्य अतिथि द्वारा माता सावित्रीबाई फुले जी के जन्म दिन पर उनके जीवन संघर्ष पर विचार रखें और आगामी 15 जनवरी को कुमारी मायावती के जन्मदिन को लेकर पूरे जिले के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये गये। विशेष अतिथि अनोखी लाल मालवीय ने जिले में मायावती जी के जन्मदिन को लेकर आर्थिक दिवस के रूप में जिले में रजिस्टर के द्वारा जो भी सहयोग राशि इकट्ठा हुई है उसे भोपाल प्रदेश कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गये। इस मौके पर जिले भर से आये पदाधिकारी एवं शुभचिंतक साथियों का आभार व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में चारों विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ताओं में नवीन भैरव पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, राकेश बौद्ध पूर्व बीवीएफ संयोजक जिला सीहोर, धर्मेंद्र कचनारिया विधानसभा प्रभारी इछावर, देवकरण कुरल विधानसभा अध्यक्ष आष्टा, सोहन मालवीय, राहुल चौहान, राहुल मालवीय, पप्पू कुरल एवं समस्त जिला कमेटी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने का आवाहन किया

सीहोर (निप्र)। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सीहोर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए आमजनों को आवाहन करते हुये कहा कि जिले में 100 दिवसीय नि-क्षय कार्ययोजना के तहत शिविर लगाये जा रहे है। उन्होंने इन शिवरों में जाकर स्वास्थ्य परिक्षण कराने तथा पूरा ईलाज लेकर टीबी को सीहोर जिले से और देश से खत्म करने का आवहन किया है। साप्ताहिक समय सीमा बैठक कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा समस्त विभागो प्रमुखों को 100 दिवसिय निक्षय शिविर मे सहभागिता प्रदाय करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टी.बी. मुक्त भारत अभियान अन्तगर्त जिले में नवाचार किये जा रहे है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के दौरान आने वाले लोगो को टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से संबंधित समाज मे फैली भ्रांतिया एवं उससे बचाव, उचपार निदान सबंधी जानकारी देने के लिए आग्रह किया जायेगा। शहर के समाजो के प्रमुखों शहर काजी, फादर, गुरुद्वारा प्रमुख सभी ने समाज मे टीबी रोग से लडने के लिए समाज को संकल्पित किए जाने की योजना है।

# जहरीले रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियां : मीणा




सीहोर (निप्र)। देश में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोगों व कीट नियंत्रकों के उपयोग से जमीन में जैविक कार्बन की मात्रा लगातार घट रही है। जहरीले रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियां बढ़ गई है। शिवशक्ति बायो ग्रुप द्वारा ग्राम पडियाला में एक किसान संगोष्ठी में बताया कि मृदा में आवश्यक न्यूनतम मानक से 18 गुणा तक कम हो गई है। उपजाऊ मिट्टी में जैविक कार्बन की न्यूनतम मात्रा 0.90 प्रतिशत आवश्यक है। देश में 2016 में 6 करोड़ के लगभग हुए मिट्टी जांच परीक्षणों की रिपोर्ट में मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन की मात्रा केवल 0.05 प्रतिशत पाई गई थी। मृदा में जैविक कार्बन में 0.01-0.02 प्रतिशत की कमी धरती को पूरी तरह बंजर कर सकती है। अमरीका की एक संस्था इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ ऑर्गेनिक एग्रीकलचर मूवमेंट ने भी अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में वर्तमान कृषि पद्धति को नहीं सुधारा गया तो 2030 तक मृदा में जैविक कार्बन की मात्रा खतरनाक स्तर तक गिर करके 0.025 प्रतिशत के स्तर तक आ सकती है, जो बीजों के अंकुरण में अक्षम होगी व जमीन बंजर हो जाएगी। देश में अभी प्रमाणिक रूप से केवल 5 से 6 प्रतिशत हिस्से में ही जैविक कृषि हो रही है। जमीन को बंजर होने से बचाने का एक मात्र उपाय गौ आधारित जैविक कृषि पद्धति हैं। रसायन के कारण खेती बाजार आधारित हो गई, जिससे फसल उत्पादन लागत बढने् से खेती घाटे का कारण बन रही है। रसायनिक पद्धति से गेहूं उत्पादन करने पर उसकी प्रति किलो लागत 30 रुपए आती है वहीं अगर इसे जैविक कृषि पद्धति से उत्पादित किया जाए तो इसकी लागत 11 रुपए किलो तक घटाई जा सकती है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com